दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है ......



साई मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है

वर्ष : 11 | अंक : 335 | लखनऊ, 25 नवम्बर, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

## उल्लास में डूबी अयोध्या, गूंज रहे मंत्रोच्चार, हेलीकॉप्टर से निगरानी

# अयोध्या में शुभ घड़ी, अभिजीत मुहूर्त में पीएम राम मंदिर पर करेंगे ध्वजारोहण

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

रामनगरी ही नहीं समूचे देश और दुनिया के लिए 25 नवंबर दिन ऐतिहासिक होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्य और भव्य राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। पीएम के आगमन से पहले अयोध्या सज संवरकर तैयार हो गई है। राम मंदिर के सभी प्रवेश द्वारों को फूलों से सजाया गया है। रामपथ पर भी भव्य सजावट की गई है।

मंगलवार को सुबह 9:30 बजे प्रधानमंत्री मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां पर सेना के तीन हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं। एक हेलीकॉप्टर पर पीएम मोदी होंगे तो दो हेलीकॉप्टर उनकी सुरक्षा में लगाए गए हैं। तीनों हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर लगभग 12 किलोमीटर दूर साकेत महाविद्यालय पहुंचेंगे, जहां पर तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। यहां पीएम मोदी का हेलीकॉप्टर लैंड होगा। यहां से सड़क मार्ग से रामपथ पर लगभग एक किमी दूर वीआईपी गेट नंबर 11 यानी जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य ▸▸|शेष पेज 5 पर

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा ध्वज फहराएंगे। श्रीराम और मां सीता की विवाह पंचमी के अभिजीत मुहूर्त में ध्वजारोहण होगा। इस ध्वज में चमकते सूर्य और कोविदारा पेड़ की तस्वीर होगी। 'ॐ' लिखा होगा।**

### ऐसा होगा ध्वज

फहराया जाने वाला झंडा 10 फीट ऊंचा और 20 फीट लंबा समकोण वाला होगा। इस पर भगवान सूर्य की तस्वीर छपी होगी। साथ ही कोविदारा पेड़ की तस्वीर के साथ 'ॐ' लिखा होगा। झंडा पारंपरिक उत्तर भारतीय नागर आर्किटेक्चरल स्टाइल में बने शिखर पर फहराया जाएगा। जबकि, मंदिर के चारों ओर बना 800 मीटर का परकोटा मंदिर की आर्किटेक्चरल विविधता को दिखाता है।







### राम मंदिर शिखर पर फहराए जाने वाले ध्वज का महापूजन

राम मंदिर के शिखर पर फहराए जाने वाले ध्वज का विधिवत महापूजन रविवार को संपन्न हुआ। ध्वजारोहण समारोह के अनुष्ठानों के क्रम में तीसरे दिन रविवार को विभिन्न अनुष्ठान हुए। इसमें सबसे प्रमुख ध्वज पूजन रहा। ध्वज, जो केवल वस्त्र नहीं, बल्कि मर्यादा, संस्कृति और सनातन की परंपरा का साक्षात प्रतीक है को पूरे वैदिक विधान के साथ यज्ञ वेदी पर स्थापित किया गया। आचार्यों ने मंत्रोच्चार के मध्य इसे उसी श्रद्धा से अर्पित किया, जैसे देवत्व को अर्पित किया जाता है।

### पीएम के लिए सुरक्षा व सजावट की नजीर होगा रामपथ

ध्वजारोहण समारोह में आ रहे प्रधानमंत्री के लिए रामपथ सुरक्षा और सजावट की नजीर बनेगा। पीएम मोदी के काफिले के गुजरने वाले मार्ग पर सुरक्षा के लिए दोहरे स्तर पर बैरिकेडिंग की जा रही है। सांस्कृतिक मंच सजने लगे हैं। पथ के दोनों तरफ घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लहरा रहे हैं। पीएम मोदी के मूवमेंट के दौरान कोई भी शख्स फुटपाथ से रामपथ पर नहीं आ सकेगा।

### भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े प्रसंग

मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर की बाहरी दीवारों पर वाल्मीकि रामायण पर आधारित भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े प्रसंग बारीकी से 87 पत्थरों पर उकेरे गए हैं। घेरे की दीवारों पर भारतीय संस्कृति से जुड़े 79 कांस्य-ढाल वाले प्रसंग रखे गए हैं। दोपहर लगभग 1:30 बजे पीएम मोदी अयोध्या से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## दूरसंचार विभाग ने बताए नए नियम

# सिम कार्ड के दुरुपयोग पर 50 लाख जुर्माना, तीन साल कैद



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अगर मोबाइल फोन उपभोक्ता के नाम पर खरीदा गए सिम कार्ड का इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी या किसी अवैध गतिविधि में होता है, तो उसके लिए मूल ग्राहक को भी कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत मोबाइल उपयोगकर्ता की पहचान में मददगार आईएमईआई एवं अन्य तरीकों से छेड़छाड़ पर तीन वर्ष तक की कैद और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

### असली ग्राहक भी होगा दोषी


दूरसंचार विभाग ने कहा है कि अगर किसी ग्राहक के नाम पर लिए गए सिम कार्ड का बाद में गलत इस्तेमाल होता है, तो असली ग्राहक को भी दोषी माना जा सकता है। इसके साथ ही दूरसंचार विभाग ने ग्राहकों से कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) या पहचान बदलने वाले दूसरे ऐप एवं वेबसाइट का उपयोग न करने की हिदायत भी दी है। जाहिर है कि विभाग के नए नियम के तहत मोबाइल ग्राहकों को अब और ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

### आईएमईआई नंबर की ऐसे करें पुष्टि

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल उपकरणों के आईएमईआई नंबर की पुष्टि 'संचार साथी' पोर्टल या ऐप के माध्यम से करने की सलाह दी है। विभाग ने कहा, सरकार ने दूरसंचार संसाधनों का गलत इस्तेमाल रोकने और सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित दूरसंचार पारिस्थितिकी तैयार करने के लिए सख्त बंदिशें लगाई हैं।

## खबर संक्षेप

### चारधाम यात्रा का आज होगा समापन



देहरादून। बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा का औपचारिक समापन हो जाएगा। मंगलवार अपराह्न दो बजकर 56 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद कर दिए जाएंगे।

### गलत रनवे पर उतरा अफगान का विमान

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब काबुल से आ रहा एरियाना अफगान एयरलाइन का एक विमान गलती से उस रनवे पर उतर गया, जहां से एक अन्य विमान उड़ान भर रहा था। नियामक ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। एरियाना अफगान एयरलाइन के ए310 विमान, जिसकी उड़ान संख्या एफजी-311 (काबुल-दिल्ली) थी, को रनवे 29-एल पर उतरने की अनुमति दी गई थी।

### चोकसी के खिलाफ ईडी ने लौटाए चार फ्लैट



नई दिल्ली। ईडी ने कहा कि उसने फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत कुर्क किए गए मुंबई के चार फ्लैट आधिकारिक परिसमापक को लौटा दिए हैं। ये संपत्तियां पश्चिमी महानगर के बोरीवली (पूर्व) में दत्तापाड़ा रोड स्थित ऊर्जा-ए विंग, प्रोजेक्ट तत्व में स्थित हैं।

### दिल्ली में घर से काम करेंगे 50 फीसदी स्टॉफ

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते पलूशन के कारण ग्रैप के तीसरे चरण के अनुसार दिल्ली सरकार के सभी कार्यालय और प्राइवेट दफ्तर 50 फीसदी स्टॉफ के साथ काम करेंगे। एक आदेश के अनुसार, बाकी कर्मचारी घर से काम करेंगे। यह निर्देश पर्यावरण विभाग की ओर से पर्यावरण अधिनियम 1986 के तहत राष्ट्रीय राजधानी में संचालित सभी दिल्ली सरकार के दफ्तरों और प्राइवेट कार्यालयों को जारी किया गया है।

### रेल मंत्री ने दो मेमू को दिखाई हरी झंडी



लखनऊ। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बागपत के बड़ौत रेलवे स्टेशन पर दिल्ली–शामली के बीच दो नयी मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रेल मार्ग के दोहरीकरण की घोषणा की। रेल मंत्री ने दिल्ली जंक्शन–शामली–दिल्ली जंक्शन तथा दिल्ली शाहदरा–शामली–दिल्ली शाहदरा के बीच दो मेमू ट्रेन की शुरुआत की।

## 30 दिन में 3 वर्ल्ड कप

# बेटियों ने अब कबड्डी में देश का नाम किया रोशन



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपै को 35-28 से हराकर लगातार दूसरा विश्व कप खिताब जीत लिया। भारत 11 देशों के टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहा। बांग्लादेश के ढाका में महिला कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। पिछले 30 दिन के भीतर भारत की बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। बता दें कि भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

### पीएम मोदी-शाह ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, भारतीय महिला कबड्डी टीम को विश्व कप 2025 जीतकर देश को गौरवान्वित करने के लिए बधाई। उन्होंने जबर्दस्त कौशल, प्रतिबद्धता और दृढता का प्रदर्शन किया। उनकी जीत से अनगिनत युवाओं को कबड्डी खेलने, बड़े सपने देखने और ऊंचे लक्ष्य तय करने की प्रेरणा मिलेगी। गृहमंत्री अमित शाह ने टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा,' हमारी महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचा, जो गर्व का पल है। पूरी टीम को महिला कबड्डी विश्व कप जीतने पर बधाई।

### भारत की बेटियों ने जीते 3 वर्ल्ड कप

भारत की बेटियां इस वक्त पूरे देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर भारत की बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है।

## दो हादसों में 11 की गई जान

# दो बसों की आमने-सामने टक्कर, 6 यात्रियों की मौत



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तमिलनाडु और उत्तराखंड में दो बस हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। तमिलनाडु में तेनकासी जिले के इदैकल के पास सोमवार को दो निजी बसों की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा तब हुआ जब आमने-सामने से आ रहीं दो निजी बसों की टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि एक बस मदुरै से सेनकोट्टई, जबकि दूसरी तेनकासी से कोविलपट्टी/शंकरनकोविल जा रही थी।

### पांच श्रद्धालुओं की मौत, 13 अन्य घायल

उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेन्द्रनगर क्षेत्र में कुंजापुरी मंदिर के पास सोमवार को एक बस के खाई में गिरने से उसमें सवार पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं का दल सोमवार सुबह ऋषिकेश के दयानंद आश्रम से कुंजापुरी दर्शन के लिए पहुंचा था।

# साय का केंद्र से आग्रह- सेंट्रल पूल में चावल का कोटा बढ़ाएं और धान खरीदी का खर्च दें

## केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पासवान से साय ने की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री चिराग पासवान से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ से जुड़े अनेक जनहित विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान धान खरीदी, केंद्रीय पूल का कोटा बढ़ाने और राज्य के व्यय की प्रतिपूर्ति की बकाया राशि भुगतान शीघ्र दिलाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने विशेष रूप से राज्य में खाद्य सुरक्षा, कृषि-आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि नेशनल इंस्टिट्यूट



ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट संस्थान की स्थापना छत्तीसगढ़ में की जाए, ताकि राज्य के युवाओं को आधुनिक खाद्य तकनीक, उद्यमिता तथा नए रोजगारों से संबंधित उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा, कृषि की दृष्टि से छत्तीसगढ़ एक मजबूत राज्य है और यहां ऐसे ▸▸|शेष पेज 5 पर

### फूड इर्रेडिएशन यूनिट के लिए केंद्र से मांगा सहयोग

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में खाद्य वस्तुओं की जांच के लिए फूड टेस्टिंग लैब तथा खाद्य उत्पादों को सुरक्षित रखने के लिए फूड इर्रेडिएशन यूनिट स्थापित की जानी है, जिनके लिए राज्य केंद्र से सहयोग चाहता है। धान तथा फल–सब्जी आधारित उद्योगों में बड़े निवेशकों की भागीदारी बढ़ने से किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को व्यापक गति मिलेगी। साय ने जानकारी दी कि राज्य की नई औद्योगिक नीति में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को विशेष महत्व दिया गया है और निवेशकों को अनेक अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत ड्रूल्स कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ में 1,000 करोड़ का निवेश किया जा रहा है।

## सीजेआई के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ली शपथ, ऐसा रहा पहला दिन

# मौखिक उल्लेख से इंकार, 17 मामलों की सुनवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में पहले दिन न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को एक नया प्रक्रियात्मक मानदंड स्थापित किया कि तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामलों का उल्लेख लिखित रूप में किया जाना चाहिए, और मृत्युदंड और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे मामलों में "असाधारण परिस्थितियों" में मौखिक अनुरोधों पर विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपने पहले दिन लगभग दो घंटे तक 17 मामलों की सुनवाई की। राष्ट्रपति भवन में ईश्वर के नाम पर हिंदी में शपथ लेने के तुरंत बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 53वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। पूर्वाह्न में प्रधान ▸▸|शेष पेज 5 पर

**एनआईए को जारी किया नोटिस:** एक अन्य मामले में, मणिपुर में कथित न्यायेतर हत्याओं के पीड़ितों के परिवारों ने अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उनके वकील ने दलील दी कि परिवारों को कम से कम यह जानने का हक है कि हुआ क्या था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जांच पहले से ही चल रही है और उन्होंने "एनआईए द्वारा जांच की स्थिति जानने के सीमित उद्देश्य से" नोटिस जारी किया।



### कनिष्ठ वकील को किया प्रोत्साहित

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एक वरिष्ठ अधिवक्ता की ओर से स्थगन की मांग कर रहे एक कनिष्ठ वकील को भी प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। उन्होंने, इस अवसर का लाभ उठाइए, आपको बहस करनी चाहिए... अगर आप बहस करेंगे, तो हम थोड़ी छूट दे सकते हैं। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में यह टिप्पणी की, जिससे इस मामले के खारिज होने की संभावना का संकेत मिला। हालांकि, कनिष्ठ वकील ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसे बहस करने के लिए कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

### 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ, 15 माह देंगे सेवाएं

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को शपथ दिलाई और उन्होंने हिंदी में शपथ ली। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को न्यायमूर्ति बी आर गवई के स्थान पर न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति गवई रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 30 अक्टूबर को अगला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह लगभग 15 महीने तक इस पद पर रहेंगे। वह नौ फरवरी 2027 को 65 वर्ष की उम्र होने पर यह पद छोड़ देंगे। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वरिष्ठ नेता इस समारोह में शामिल हुए।

# बच्चों की सेहत बनाम जहरीली हवा: डॉ. राजेश्वर सिंह ने उठाई निर्णायक नीति की मांग

## एनसीआर में जहरीली हवा का संकट - बच्चों को सुरक्षित रखने हेतु डॉ. राजेश्वर सिंह की बड़ी पहल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता और बच्चों के स्वास्थ्य पर उसके गम्भीर प्रभाव को देखते हुए सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखकर तत्काल एक 'स्वच्छ-वायु शैक्षणिक निरंतरता नीति' लागू करने का अनुरोध किया है।

पत्र में उल्लेखित आंकड़ों के अनुसार 23 नवम्बर 2025 की सीएनएन रिपोर्ट में दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई ने फिर से 450+ के 'गंभीर' स्तर को पार कर लिया है। वहीं नोएडा, गाज़ियाबाद, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, बागपत और शामली सहित यूपी के एनसीआर जनपद भी 300-400 के बेहद खतरनाक स्तर दर्ज कर रहे हैं, जो सुरक्षित सीमा (100) से कई गुना अधिक है।

डॉ. सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययन स्पष्ट बताते हैं कि प्रदूषित हवा जीवन-आयु को औसतन 10 वर्ष तक घटा देती है और बच्चों के फेफड़ों, प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक विकास पर अत्यंत दुष्प्रभाव डालती है।

उन्होंने लिखा, 'बच्चों को ऐसी विषैली हवा में स्कूल भेजना, मानो उन्हें धीमी मृत्यु के वातावरण में धकेलने जैसा है। पर्यावरण की गलतियों की सजा बच्चों को नहीं मिलनी चाहिए।'

### डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा रखे गए प्रमुख सुझाव :

1. राज्य सरकार से त्वरित, तकनीक-आधारित समाधान लागू करने का अनुरोध करते हुए डॉ. सिंह जी ने निम्न प्रस्ताव रखे—जैसे ही किसी भी जिले का

ए क्यू आई गंभीर (300+) स्तर पार करे, तुरंत सभी विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाएँ लागू की जाएँ।

2. जिला-वार ए क्यू आई मॉनिटरिंग डैशबोर्ड बनाया जाए, जो स्वतः ही स्कूल बंद/ऑनलाइन पढ़ाई के निर्देश जारी कर सके।

3. शिक्षा विभाग के मौजूदा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रखी जाए।

4. शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा आईटी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर यह नीति दिसंबरझजनवरी के धुंध काल से पहले लागू की जाए।

5. नोएडा, गाज़ियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, शामली और अन्य एनसीआर जनपदों के जिलाधिकारियों को तत्काल दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ।

### जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता:

पत्र में डॉ. सिंह जी ने आश्चर्य व्यक्त किया कि हर वर्ष यह संकट दोहराए जाने के बावजूद अब तक कोई स्थायी नीति क्यों नहीं बनाई गई। उन्होंने लिखा, 'जब प्रदूषण हर साल हजारों जानें लेता है, तब फाइलें धीमी क्यों चलती हैं? निर्णय ठंडे बस्ते में क्यों पड़े रहते हैं? अब समय आ गया है कि इस प्रशासनिक उदासीनता की जिम्मेदारी तय की जाए।'

# बांक नाले में मिला युवक का शव

## सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो वायरल होने के बाद हुई शिनाख्त....

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के गौतमखेड़ा स्थित बांक नाले में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मोहनलालगंज के राधाकृष्ण खेड़ा गांव से दो दिन पहले लापता हुए युवक का शव नाले में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव को दो बोरियों में बांधकर पानी में फेंका गया था, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। राहगीरों ने नाले में बंद बोरियों के साथ शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही निगोहां थाना प्रभारी मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव के साथ बंधी दोनों बोरियों में मौरंग और गिट्टी भरी हुई थी, जिससे यह स्पष्ट है कि शव को डुबोने की नीयत से नाले में फेंका गया।

स्थानीय ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों से शिनाख्त की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने मृतक की तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित कराई, जिसके बाद पहचान अमित पुत्र ईश्वरदीन, निवासी राधाकृष्ण खेड़ा, मोहनलालगंज के रूप में हुई।

मृतक के बड़े भाई बेचा और छोटे भाई प्रेम ने बताया कि अमित शुक्रवार से लापता था। हालांकि, ग्रामीणों के अनुसार मृतक नशे का आदी था और उसकी गुमशुदगी की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी। परिजनों ने फिलहाल किसी पर भी आरोप नहीं लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम घटना की जांच में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में संभावित सबूतों की तलाश की जा रही है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि ग्रामीणों में हत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चाएँ भी तेज हैं।

# गिट्टी और मौरंग से भरी बोरी में युवक का शव भरकर नाले में फेंका, दो दिन से था लापता

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। निगोहां के बांक नाले में सोमवार को गिट्टी और मौरंग से भरी बोरियों में युवक का शव भर फेंका गया, ताकि शव नाले में ऊपर न आ सके। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव बाहर निकाला। शव के गले पर कसाव के निशान थे। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) दक्षिणी आर वसंत कुमार ने बताया कि शव शिनाख्त मोहनलालगंज निवासी अमित के रूप में की। दो दिन से लापता था, लेकिन गुमशुदगी नहीं दर्ज करवाई थी। एडीसीपी ने बताया कि ग्रामीणों ने नाले में युवक का शव पड़ा देखा, तो डायल-112 पर सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस के साथ ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव के साथ भरी हुईं दो बोरियां बंधी हुईं थी। पुलिस ने बोरियां खुलवाईं तो उसमें गिट्टी और मौरंग भरी हुई थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। लोगों ने बताया कि युवक के गले पर कसाव का निशान भी था। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि युवक की गला कसकर हत्या की गयी। उसके बाद शव को छिपाने के लिए दो बोरियों में गिट्टी-मौरंग भरकर बांधने के बाद बांक नाले फेंक दिया गया। फोटो और सूचना इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की गई तो मोहनलालगंज के राधाकृष्ण खेड़ा निवासी प्रेम और बेचा ने अपने भाई अमित के रूप में शिनाख्त की। पीड़ित भाइयों ने बताया कि अमित शनिवार से लापता था। दोनों भाई उसे खोज रहे थे, लेकिन कुछ पता नहीं चला था। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि अमित नशे का आदी था। अक्सर नशे की हालत में घर से गायब हो जाता था। इसके बाद खुद ही लौट आता था। पुलिस ने परिजन से बात की तो उन्होंने किसी पर आरोप नहीं लगाया। पुलिस रंजिश, लेनदेन और आशनाई समेत सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# यूपी में 2500 प्रगतिशील किसानों को मिलेगा गैप सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग, उत्पादों की फूड सेफ्टी और हाइजीन पर होगा फोकस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 2500 प्रगतिशील किसानों को गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज (गैप) का सर्टिफिकेशन प्रशिक्षणय दिलाया जाएगा। अपर मुख्य मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा ने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। सोमवार को विभागीय बैठक में बीएल मीणा ने कह कि प्रदेश के आमों की वैश्विक मांग को देखते हुए इंडी गैप सर्टिफिकेशन कार्यक्रम दो चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण में प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों और निर्यातकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें प्रसंस्करण आधारित उत्पादों की फूड सेफ्टी एवं हाइजीन पर विशेष जोर रहेगा। द्वितीय चरण में चयनित किसान उत्पादक संगठनों के सहयोग से प्रगतिशील किसानों के प्रक्षेत्रों पर माडल फार्म स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्योग नीति-2023 के लाभार्थियों, संरक्षित खेती करने वाले किसानों और आम



उत्पादकों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभांवित हों। सभी उप निदेशक उद्यान एवं जनपदीय उद्यान अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में प्रगतिशील किसानों और किसान उत्पादक संगठनों की सूची तैयार कर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकतम प्रतिभाग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

# 'हर हिंदू परिवार में कम-से-कम दो बच्चे जरूरी', दत्तात्रेय होसबाले बोले- देश में घोषित हो जनसंख्या नीति

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को मर्चेंट्स चैंबर सभागार में मातृशक्ति सम्मेलन में कहा कि देश में हर हिंदू परिवार में न्यूनतम दो बच्चे आवश्यक हैं। उन्होंने देश में जनसंख्या नीति घोषित किए जाने की मांग की। कहा कि जनसंख्या नियंत्रण सबके लिए एक सा होना चाहिए। यह किसी एक वर्ग पर लागू हो और दूसरे पर नहीं, ऐसा नहीं होना चाहिए। सम्मेलन में उन्होंने संघ के सौ वर्षों के कार्यों का उल्लेख किया व जनसंख्या नियंत्रण पर खुलकर बात की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में लाल किले से जनसंख्या नीति की घोषणा की थी और हो सकता है कि आने वाले समय में इसे लागू भी करें। उन्होंने कहा कि आबादी को लेकर जो अध्ययन हुआ है, उसमें यह बात आई है कि परिवार में दो से अधिक बच्चे होने चाहिए। कई राज्यों में हिंदू परिवारों में एक ही बच्चा है। दो बच्चे परिवार व देश के भविष्य के लिए जरूरी हैं। अगर परिवार में एक ही बच्चा हुआ तो सेना में कौन जाएगा। महिलाओं को लेकर उन्होंने कहा कि वे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। हालांकि, भद्दे विज्ञापन के रूप में महिलाओं का कामर्शियल प्रयोग समाज पर असर डालता है। कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि महिलाओं को आधुनिक नहीं होना चाहिए। पुरुषों को भी महिलाओं के विकास और उनकी स्वतंत्रता में बाधा नहीं बनना चाहिए। संघ में महिलाओं की भूमिका को भी उन्होंने स्पष्ट कर कहा कि इसके लिए राष्ट्र सेविका समिति है। लड़कियां या महिलाएं शाखा में नहीं जातीं, लेकिन वे प्रचार विभाग, संपर्क विभाग, सेवा बस्ती में काम करती हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुगावाहिनी भी है। कहा कि सिर्फ हिंदुत्व, गोरक्षा व अनुच्छेद 370 हटवाने के लिए ही आरएसएस नहीं है। संघ की 100 वर्ष की सफल यात्रा में गृहस्थ कार्यकताओं की बड़ी भूमिका है। संघ के कार्य को कार्यकर्ता कर पाए, इसका मुख्य कारण परिवार की माता-बहनें हैं। उन्होंने प्रवास के दूसरे व अंतिम दिन जिला तथा उससे ऊपर के स्वयंसेवकों की बैठक में पंच परिवर्तन के विषय को समाज में पहुंचाने की योजना दी। कहा कि पंच परिवर्तन को आधार बनाकर कार्य करने से ही समाज तथा राष्ट्र का उत्थान संभव है।

# विश्व हिंदू परिषद का भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम, अयोध्या धाम हेतु भक्तों का प्रस्थान



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रहीमाबाद स्थित जिला कार्यालय में विशेष आध्यात्मिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सोमवार को माल, मलिहाबाद एवं काकोरी प्रखंडों से श्रीराम मंदिर, श्री अयोध्या धाम द्वारा आमंत्रित बंधुओं का अनुशासित एकत्रीकरण सम्पन्न हुआ। सभी आमंत्रित बंधु श्रद्धा, उत्साह और भक्ति-भाव से ओत-प्रोत होकर अयोध्या धाम के दर्शन एवं धर्म-ध्वजा प्रतिस्थापन अनुष्ठान हेतु बस द्वारा रवाना हुए।

प्रस्थान करने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में रायबरेली विभाग मंत्री भूपेंद्र हिंदू, जिला उपाध्यक्ष बेचा लाल, हिंदू जागरण मंच संयोजक संतोष सिंह तिलन, जिला सह मंत्री सुनील, जिला सह सुरक्षा प्रमुख रवि राजपूत, जिला सेवा प्रमुख डॉ. शिवकुमार, मलिहाबाद प्रखंड अध्यक्ष अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, प्रखंड सहसंयोजक अर्पित सोनी, प्रखंड सह मंत्री सुखबीर, माल प्रखंड मंत्री चंद्रशेखर, सुशील गुप्ता, के एल दुबे, अनूप गुप्ता सहित दर्जनों लोग अपना सहयोग दिया।

# नशे में धुत युवक ने विवाहिता के साथ किया जबरन दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

### मां के शोर मचाने से बेटे ने पड़ोस के लोगों को दी जानकारी, पड़ोसी के साथ हाथापाई करके भाग आरोपी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद नशे में धुत गांव के ही एक युवक ने एक मजदूर के घर में घुसकर उसकी 40 वर्षीय विवाहिता के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। बाद में धमकी देकर मौके से फरार हो गया। शाम को घर पहुंचे पति को पीड़िता ने आप बीती बताई। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले मजदूर के मुताबिक शनिवार को वह काम पर गया था। जबकि उसकी 40 वषीर्या पत्नी और 12 वर्षीय बेटा घर पर था। आरोप है कि इसी दौरान दोपहर बाद करीब 3 बजे नशे में धुत पीड़िता के घर पहुंचे गांव के प्रदीप कुमार ने महिला को डरा धमका कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। इस दौरान महिला ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर बेटे ने पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। जानकारी पाकर पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ हाथापाई की और मौका पाकर किसी से बताने पर पीड़ित महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। देर शाम जब पीड़िता का पति घर पहुंचा, तब महिला ने उसे आप बीती बताई। जिसके बाद वह अपनी पत्नी को लेकर बंथरा थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। फिलहाल पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर रविवार को महिला का चिकित्सीय परीक्षण कराने के साथ आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बंद घरों के ताले तोड़ चोर उड़ा ले गए समान पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरसेनी स्थित डीएलएफ गार्डन सिटी टाउनशिप में एक बार फिर चोरों ने बेखौफ होकर धावा बोल दिया। कॉलोनी के दो बंद घरों का ताला तोड़कर चोर कीमती सामान और नगदी ले उड़े। सोमवार सुबह घटना का खुलासा होते ही कॉलोनी में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जांच और आश्वासनों की वही पुरानी कहानी दोहराई गई। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने औपचारिकता निभाते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया।



### कॉलोनी में नौवीं चोरी एक भी खुलासा नहीं, लोगों में दहशत और नाराजगी चरम पर......

गार्डन सिटी कॉलोनी में बंद घरों में चोरी की यह नौवीं घटना है। लगातार चोरियां होने के बावजूद पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। यही कारण है कि कॉलोनीवासियों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना तेजी से बढ़ रही है।

### रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी का घर भी नहीं बख्शा......

कॉलोनी के सचिव अशोक त्रिपाठी ने बताया कि बिहार निवासी प्रमोद कुमार शर्मा, जो भारतीय वायुसेना से रिटायर्ड हैं, चार दिन पहले परिवार सहित बिहार गए थे। सोमवार सुबह उनका मुख्य दरवाजा टूटा मिला। चोर कमरे में घुसकर अलमारी तोड़कर कीमती सामान और नकदी लेकर फरार हो गए। दूसरा घर भी निशाना अवधेश यादव के घर से भी अलमारी साफ इसी कॉलोनी में चोरों ने अवधेश यादव के घर में भी उसी तरीके से अलमारी तोड़कर कीमती सामान और कैश चोरी कर लिया। चोरी के समय वह अपने घर सोनभद्र गए हुए थे।

### मोहनलालगंज पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

इंस्पेक्टर डीके सिंह का कहना है कि घर मालिकों के लौटने के बाद उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस हर बार की तरह जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है। लेकिन कॉलोनीवासियों का कहना है कि खुलासा करने का दावा पुलिस हर चोरी के बाद करती है, पर आज तक एक भी मामला सुलझा नहीं। डीएलएफ गार्डन सिटी समिति के सदस्यों का आरोप है कि पिछली कई चोरियों में सीसीटीवी फुटेज में चोरों के चेहरे साफ दिखाई देने के बावजूद पुलिस आज तक कार्रवाई नहीं कर सकी। कुछ दिन पहले समिति के लोग पुलिस कमिश्नर से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगा चुके हैं, जिसके बाद एसीपी विकास पाण्डेय ने कॉलोनी में सुरक्षा बैठक कर चौराहे से लेकर गलियों तक सुरक्षा बढ़ाने का वायदा किया था। लेकिन ताबड़तोड़ हो रही चोरियां साबित कर रही हैं कि जमीन पर सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित है।

### कॉलोनीवासियों का सवाल आखिर कब पकड़े जाएंगे ये चोर

लगातार हो रही वारदातों से गार्डन सिटी के निवासी दहशत में हैं और पुलिस की लापरवाही पर खुलकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सुरक्षा वादों के बावजूद चोरी की घटनाएँ रुकने का नाम नहीं ले रहीं, जिससे यह साफ है कि चोरों का हौसला पुलिस की नाकामी के कारण और बढ़ रहा है। कॉलोनीवासियों ने दो टूक कहा है कि अगर पुलिस की नींद न खुली तो किसी बड़े हादसे का इंतजार करना पड़ सकता है।

# मोबाइल चोरी के बाद खाते से साइबर ठगों ने लाखों की करी ठगी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के शिवपुरी, हाइडिल कॉलोनी निवासी रवीन्द्र यादव के मोबाइल चोरी के बाद उसके खाते से साइबर ठगों ने करीब एक लाख एक हजार रुपये उड़ा लिए। परेशान पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत करने के बाद सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवीन्द्र के मुताबिक उसका गूगल पे अकाउंट लिंक मोबाइल बीती 9 नवंबर को कमता, चिनहट जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया था। पीड़ित का कहना है कि काफी तलाश करने के बाद भी जब फोन नहीं मिला तो उसने उसी दिन इसकी ऑनलाइन गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। रवीन्द्र यादव का कहना है कि 11 नवंबर को जब वह रुपये निकालने बैंक पहुंचा तो उसे पता चला कि 9 नवंबर को ही किसी अज्ञात व्यक्ति ने यूनियन बैंक, सरोजनीनगर शाखा के उसके खाते से 67,876 रुपये और कोटक महिन्द्रा बैंक खाते से 33,110 रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए हैं। यह पता चलने पर पीड़ित के होश उड़ गए। उसने आनन फानन साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ साइबर सेल में मामला दर्ज कराया। इसके बाद पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जालसाज का पता लगाने में जुट गई है।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार, सड़क हादसे में बैंक मैनेजर और अकाउंटेंट घायल

अमन लेखनी समाचार

काकोरी। काकोरी के मोहानरोड स्थित मदारपुर पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। इस घटना में बैंक आफ इंडिया की मोहान शाखा में तैनात मैनेजर मनोज वर्मा और अकाउंटेंट उपेंद्र सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें कार से बाहर निकालकर सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। मैनेजर की हालत नाजुक है। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि सुबह दोनों अधिकारी लखनऊ से अपनी कार से ड्यूटी पर उन्नाव जा रहे थे। मदारपुर पेट्रोल पंप के पास उनकी गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर खंती में पलट गई। कार सवार दोनों लोग अंदर ही फंस गए। घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह कार का गेट तोड़कर दोनों लोगों को बाहर निकाला और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया है। नाजुक हालत में बैंक मैनेजर का इलाज जारी है। अकाउंटेंट की हालत खतरे से बाहर है। मैनेजर मनोज के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा में कानपुर रोड से दादूपुर गांव जाने वाली सड़क के किनारे एक होटल के पास मृत पड़े मिले युवक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। मृतक काले रंग की जींस पैंट और काले कलर का स्वेटर पहने था। सोमवार सुबह सड़क किनारे संदिग्ध हालत में शव पड़ा देख वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जाँच में पता चला है कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था, वह पिछले 5-6 दिनों से यहां घूम रहा था। उसकी मौत कैसे हुई, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। फिलहाल उसकी पहचान कराने के लिए मृतक के फोटो आसपास थानों में भेज दिए गए हैं।

# ट्रैफिक पुलिस कर्मी पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र की 25 वर्षीया एक नर्सिंग छात्रा ने सुल्तानपुर के रहने वाले लखनऊ में तैनात एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने की सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2019 में फेसबुक के जरिए सुल्तानपुर जिले के कुड़वार थाना अंतर्गत खानिया पश्चिम तितैयातर निवासी लखनऊ में ट्रैफिक पुलिस में कांस्टेबल पद पर तैनात मुकेश कुमार यादव से उसका संपर्क हुआ। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पीड़िता का कहना है कि इस दौरान मुकेश उसके साथ शादी करने का आश्वासन देने लगा। पीड़िता का आरोप है कि 28 जून 2024 को मुकेश उसे सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल ले गया और वहां उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि बाद में कई बार मुकेश और उसके परिवार वालों से शादी के लिए कहा गया तो वह टाल मटोल करने लगे। इसी बीच पीड़िता को पता चला कि मुकेश की कहीं दूसरी जगह शादी होने जा रही है। इसके बाद पीड़िता ने मुकेश पर शादी करने का दबाव बनाया। आरोप है कि शादी के लिए दबाव बनाने पर मुकेश ने शादी करने से इनकार कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर सरोजनी नगर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संक्षेप

## बाइक सवार की टक्कर से गार्ड घायल इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर हाईवे स्थित आईपीएसआर कॉलेज के सामने शुक्रवार की सुबह मोटरसाइकिल की टक्कर से गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया था इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, थाना क्षेत्र के भटगांव वादेखेड़ा निवासी (35) प्रहलाद नारायण पुत्र स्वर्गीय रमेश नारायण पिछले कई महीनो से सोहरामऊ स्थित एक प्राइवेट कंपनी में गार्ड की नौकरी कर रहा था शुक्रवार की सुबह वह किसी कार्य से रोड पर कर रहा था, तभी उन्नाव से लखनऊ जा रहे हैं बाइक सवार युवक नें गार्ड को जोरदार टक्कर मार दी, मौके पर मौजूद ग्रामीण इलाज के लिए युवक को अस्पताल ले गए जहां मौजूद डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया, परिवार जनों ने बताया कि मृतक के एक लड़का प्रिंस है तथा पत्नी पंचवती है, सोहरामऊ इंस्पेक्टर संदीप शुक्ला ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## नवनिर्मित आर आर सी सी सेंटर में मिली कमियां कार्यवाही के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नरीखेडा एवं संग्रामपुर में नवनिर्मित आर०आर०सी० सेन्टर एवं पंचायत भवन के स्थलीय सत्यापन में अनियमितताये पाए जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए है। ग्राम पंचायत नरीखेड़ा व संग्रामपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने 15 नवंबर 2025 को औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन रूरल आउटरीच सेंटर, पंचायत भवन और कंप्यूटर/इंटरनेट सुविधा में गंभीर खामियां पाई गईं।जांच में सेंटर तक पहुंचने वाले रास्ते झाड़ियां से घिरे तथा कई जगह फर्श टूटी मिली, कंप्यूटर इंटरनेट प्रिंटर मौके पर नहीं मिले, कई उपकरण प्रधान के घर में रखें बताए गए।वर्मी कंपोस्ट यूनिट बंद मिला डोर टू डोर कचरा संग्रहण पूरी तरह से विफल दिखा। गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य अधूरे व घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी योजनाओं के करोड़ों रुपये का सही उपयोग नहीं किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव नरीखेड़ा पूनम पटेल व सचिव संग्रामपुर धर्मेन्द्र यादव को कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन बाधित करने के आदेश तथा नरीखेड़ा ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण मांग अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। आलोक कुमार सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया निरीक्षण में मिली कमियों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सुधार के लिए समय दिया गया है, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उद्यमिता की नई हवा- युवाओं को रोजगार, उद्योगों को नई दिशा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर के ए.बी. नगर स्थित दारुल उलूम फैज-ए-आम में गुफ्तगू 2025 कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं की बेरोजगारी, सरकारी योजनाओं की जानकारी और स्थानीय उद्योगों की संभावनाओं पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम का आगाज कौमी फरमान डिजिटल मीडिया नेटवर्क के संपादक रईस खान ने किया। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए, जागरूकता बेहद आवश्यक है और इसी उद्देश्य से यह परिचर्चा आयोजित की गई है ताकि पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और बैंकिंग क्षेत्र मिलकर युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकें। कार्यक्रम में शामिल रिटायर्ड पीएनबी मैनेजर अब्दुल हमीद इदरीसी ने युवाओं से समूह बनाकर संगठित रूप से काम करने की अपील की। नासिर खान ने कहा कि योजनाएँ बहुत हैं लेकिन जानकारी न होने से जनता उनका लाभ नहीं ले पाती। संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि उन्नाव में छिपा कढ़ाई का उद्योग बड़े पैमाने पर है, और यदि जागरूकता बढ़ाई जाए तो यह रोजगार का बड़ा साधन बन सकता है। मोअज्जम अली ने छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अखिलेश तिवारी ने कहा कि बेरोजगारी का संकट गंभीर है और यदि युवाओं को सही सहयोग मिले तो वे स्वयं उद्योग शुरू कर सकते हैं। उन्होंने हापुड़ और मेरठ के चमड़ा उद्योग का उदाहरण देते हुए उन्नाव की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। मुशीर आलम और एडवोकेट जैदी ने कागजी जरूरतों को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने युवाओं को आधुनिक कौशल और प्रबंधन आधारित शिक्षा की जरूरत बताई। सैयद अफजाल ने कहा कि बाहर जाकर लोग सफल होते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर गंभीरता की कमी और जानकारी के अभाव में लोग आगे नहीं बढ़ पाते। उन्होंने इंस्पेक्टर राज जैसी समस्याओं का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में रईस खान, अब्दुल हमीद इदरीसी, मोअज्जम अली, संजय कुमार जायसवाल, नासिर अहमद खान, अखिलेश तिवारी, मोहम्मद जमाल, सुहैल, मोहम्मद हसनैन उजैर हसन, मोहम्मद हसनैन रजा, मुशीर आलम खान, निशात आरिफ, अफजाल अहमद, हसनैन जैदी (एडवोकेट) और डॉ. मनीष सिंह सेंगर समेत अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों का मत था कि उन्नाव में रजाई-कवर, चिकन कढ़ाई, एम्ब्रॉयडरी, सीमेंट आर्टिकल और लेदर जैसे उद्योगों में अपार संभावनाएँ हैं। सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और दस्तावेजी सहयोग मिले तो उन्नाव स्वयं-रोजगार और छोटे उद्योगों का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल


अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने दंपति को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बिलौरा गांव निवासी जंग बहादुर (55) पुत्र रज्जन सिंह और उसकी पत्नी सुमन (45) बाइक से बिरसिंहपुर निवासी रिश्तेदार के घर गए थे। सोमवार दोपहर घर लौटने के दौरान अजगैन मुंशीगंज मार्ग पर भौली के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल दंपति को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने पति पत्नी को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मालगाड़ी के सामने कूद कर प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार





उन्नाव। एक युवक और युवती ने मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। दोनों का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत मिला। युवक का पैर कटा था। सिर का एक भाग बुरी तरह से कट गया था। युवती का शव भी ट्रैक के बीचो-बीच मिली। स्टेशन मास्टर ने सुबह जब दोनों के शव देखें। तो इसकी सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। परिजनों द्वारा रिश्ते को मंजूरी न मिलने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। हालांकि, दोनों के परिवार का कहना है कि उन्हें दोनों के अफेयर के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मामला अजगैन थाना क्षेत्र का है। आशंका जताई जा रही है कि सोमवार सुबह करीब 4 बजे दोनों ने आत्महत्या की। आत्महत्या करने वाले युवक और युवती की पहचान जमालपुर गढ़ी के रहने वाले सुरेंद्र (23) और सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गौरी की रहने वाली सोनी (20) के रूप में हुई है। सुरेंद्र के पिता की मृत्यु 15 साल पहले ही हो चुकी है। उसके परिवार में एक भाई नरेंद्र और बहन कामिनी हैं। ये लोग खेती किसानी करके परिवार चलाते हैं। वहीं, सोनी के परिवार में पिता रामलखन, भाई सोनू और मोनू और बहन मोनी हैं। सुरेंद्र के चाचा संतपाल ने कहा- भतीजे की ट्रेन से कटने की सूचना मिलने पर हम स्टेशन पहुंचे। वहां एक्सीडेंट की बात बताई गई थी, लेकिन एक युवती भी साथ में कटी है। इन दोनों का क्या संबंध है मुझे कोई जानकारी नहीं है। ना ही ऐसी कोई बात सामने आई है। वहीं, सोनी के भाई सोनू ने बताया कि उसे सुबह जीआरपी के द्वारा घटना की जानकारी हुई जिसके बाद वह स्टेशन पहुंचा। उसे पता चला कि पड़ोस गांव का रहने वाला युवक भी ट्रेन से कटा है। मेरी जानकारी में मेरी बहन का युवक से कोई रिलेशन नहीं है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। जीआरपी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में शवों का पंचनामा भरा गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल, जीआरपी इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# नेशनल हाईवे पर सात से आठ किलोमीटर तक लगा लंबा जाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह से भीषण जाम लगा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र से दही थाना क्षेत्र तक करीब 7 से 8 किलोमीटर लंबा जाम होने से दोनों दिशाओं- कानपुर से लखनऊ और लखनऊ से कानपुर जाने वाली लेन- पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सुबह ऑफिस जाने वाले और स्कूल-कॉलेज की बसों में सवार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे पर यातायात पूरी तरह रेंगता हुआ नजर आ रहा है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिला यात्रियों को विशेष दिक्कत झेलनी पड़ रही है। कई वाहन चालक घंटों से अपनी ही लेन में फंसे हुए हैं। यात्रियों को पानी और अन्य जरूरी सामान खत्म होने की समस्या का सामना करना पड़ा। जिन लोगों को सुबह किसी जरूरी काम या अपॉइंटमेंट के लिए जाना था, वे समय पर नहीं पहुंच पाए। यातायात पुलिस के अनुसार, सुबह के पीक आवर्स में वाहनों की संख्या अचानक बढ़ने और कुछ स्थानों पर चल रहे सड़क मरम्मत कार्य के कारण हाईवे पर यह स्थिति बनी। जाम की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। पुलिसकर्मी वाहनों को एक-एक करके निकालने का प्रयास कर रहे हैं और जगह-जगह दूसरे मार्गों की ओर वाहनों को डायवर्ट करने की कोशिश जारी है। हालांकि, हाईवे पर भारी ट्रैफिक होने के कारण अभी तक पूरी राहत नहीं मिल पाई है। हाईवे पर फंसे यात्रियों ने बताया कि कई बार फोन करके हेल्पलाइन पर जानकारी लेने की कोशिश की गई, लेकिन ट्रैफिक अत्यधिक होने के कारण जाम खुलने का कोई स्पष्ट समय नहीं बताया जा सका। ट्रक, बसें, छोटी कारें और दोपहिया वाहन सभी एक ही कतार में फंसे दिखे। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी कि हाईवे पर तीन टीमें तैनात की गई हैं, जो लगातार रास्ता साफ करने में जुटी हैं।

# मरीजों की बढ़ी संख्या पर्चा काउंटर पर लगती लंबी लाइन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौसम में बदलाव के कारण जुकाम, खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। सोमवार को उन्नाव जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जिससे ओपीडी और दवा काउंटरों पर लंबी कतारें लग गईं। सुबह आठ बजे से ही पंजीकरण काउंटर पर लाइनें लगनी शुरू हो गई थीं, जो दोपहर तक और लंबी होती चली गईं। अस्पताल की ओपीडी में आए अधिकांश मरीज वायरल फीवर, खांसी, सर्दी-जुकाम और गले में खराश की शिकायत लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों के अनुसार, मौसम में अचानक बदलाव, ठंड में वृद्धि और वातावरण में नमी बढ़ने से वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। खांसी-जुकाम के मामलों में बच्चों और बुजुर्गों की संख्या सबसे अधिक रही। अस्पताल प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को ओपीडी में मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में लगभग दोगुनी दर्ज की गई। बढ़ती भीड़ के कारण कई मरीजों को डॉक्टर से मिलने के लिए एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा। वहीं, दवा वितरण केंद्र पर भी लंबी कतारें लगी रहीं। कुछ मरीजों ने बैठने की अपर्याप्त व्यवस्था और पानी की सीमित उपलब्धता पर नाराजगी व्यक्त की। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र ने बताया कि बदलते मौसम में वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है, इसलिए लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने सलाह दी कि ठंड से बचाव के लिए उचित कपड़े पहनें, घर से बाहर निकलते समय मुंह और नाक को ढकें, नियमित रूप से हाथ धोएं और भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचें। डॉ. कौशलेंद्र ने यह भी कहा कि यदि तीन दिन से अधिक समय तक बुखार, सिरदर्द या खांसी-जुकाम की शिकायत बनी रहती है, तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है। इधर, बढ़ती भीड़ को हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सा कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

# दबंगो ने तोड़ी किसान की दीवार दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। गरीब किसान के खेत पर दबंगो ने रातों रात तोड़ डाली दीवार, किसान ने तहरीर देकर धमकाने एवं जबरदस्ती जमीन खरीदने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू की। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत परियर गांव निवासी केशनू कश्यप की बुर्जुर्गी एक बीघा छः बिस्वा जमीन परियर बिठूर रोड पर है। कुछ महीने पहले तिलकनगर कानपुर के रहने वाले दिनेश चंद्र गुप्ता ने जमीन खरीद ली है। जिसके बाद से वह लोग किसान पर आगे की भी जमीन उनको बेच देने का दबाव बना रहे है। किसान ने जब मना कर दिया तो किसान के खेत पर बनाई की बाउंड्री वाल दिनेश चंद्र गुप्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर मगलवार रात बाउंड्रीवाल तोड़ डाली और किसान को धमका कर चले गए। किसान द्वारा सफीपुर कोतवाली में प्रार्थनापत्र देने के बाद रविवार देर शाम पुलिस ने दिनेश चंद्र व उसके अन्य साथियों पर मुकदमा लिख लिया है साथ ही दीवार गिराने वालो की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों के मुताबिक दिनेश चंद का लड़का शुभम गुप्ता दबंग किस्म का व्यक्ति है और विवादित जमीन खरीद बिक्री में रहता है क्षेत्र में कई लोगो की जमीन का उसके साथ विवाद है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण ने बताया कि किसान के प्रार्थनापत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# एडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण 5 हजार मतदाताओं ने जमा किए एसआईआर फॉर्म

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। नगर पालिका क्षेत्र के 72 मतदान केंद्रों पर आयोजित इस जनसंपर्क और सत्यापन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। इस दौरान लगभग पाँच हजार मतदाताओं ने एसआईआर फॉर्म जमा किए। अभियान की निगरानी के लिए एडीएम सुशील कुमार और एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बीएलओ और मतदाता सूची सत्यापन में लगे कर्मचारियों से व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि हर पात्र मतदाता तक पहुँचकर उसे फॉर्म भरने में पूरी सहायता प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान, एडीएम और एसडीएम ने कुछ केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ को देखते हुए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और विशेष सहायता डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी को असुविधा न हो। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को मताधिकार से जुड़े अधिकारों का लाभ दिलाना है। अभियान के तहत, प्रत्येक बूथ पर बीएलओ तैनात रहे, जिन्होंने मतदाताओं को फॉर्म भरने और आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने में सहायता की। केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। नागरिक अपने दस्तावेजों के साथ पहुंचे और मतदाता सूची में अपना नाम सही कराने के लिए उत्सुक दिखे। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिकतम संख्या में फॉर्म एकत्र किए जाएं। इसका उद्देश्य आगामी चुनाव के लिए एक सटीक, व्यापक और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है।

# डिप्टी सीएमओ ने सीएससी का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। डिप्टी सीएमओ एच एन प्रसाद ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने एएनएम के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शासन की मंशानुरूप डिप्टी सीएमओ श्री प्रसाद आज यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इसके बाद ओपीडी, इमरजेंसी, जनरल वार्ड, भर्ती वार्ड, टीबी वार्ड, शल्य कक्ष और औषधि कक्ष का निरीक्षण किया।ओपीडी में इलाज कराने आए मरीजों से उन्होंने हाल-चाल पूछा और अस्पताल के सम्बंध में फीडबैक भी लिया। वार्ड में भर्ती मरीजों से भी उन्होंने मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। तत्पश्चात उन्होंने एएनएम के साथ बैठक की। बैठक में डिप्टी सीएमओ ने आयुष्मान कार्ड योजना और टीकाकरण कार्यक्रम आदि के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को समय पर भोजन




निशुल्क दवा दिये जाने की भी जानकारी ली। अस्पताल परिसर में उन्होंने विशेष साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉक्टर नीरज शुक्ला, डॉक्टर अशोक वर्मा, व डॉक्टर सागर आदि मौजूद रहे।

# सहालग का दौर चालू मार्ग पर रोजाना लगता भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज कस्बे का मुख्य मार्ग व हड़हा मार्ग अतिक्रमण की समस्या से पूरे दिन जाम से जूझ रहा है। इससे इन मार्गों से गुजरने वाले वाहन तथा उसमें सवार यात्री कई कई घंटे जाम के झाम से परेशान है।थाने से चंद कदम दूर स्थित चौराहे पर सिपाही के बजाय होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जा रही है। अचलगंज कस्बा व हडहा मार्ग पर व्यापारियों ने सड़क के दोनों किनारों तक अपनी दुकानों को सजा कर पूरे मार्ग का अतिक्रमण कर रखा है जिससे पूरे दिन जाम लगा रहता है इन दोनों मार्गो पर वाहन चलने की जगह रेंगते है जिससे दस मिनट के सफर में घंटों लग रहे है। हड़हा की सभासद अनीता निगम बताती है सहालग के समय दुकानदार ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए दुकानों को सड़क किनारे दोनों पट्टियों तक सजा रखा है जिससे इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन मुश्किल से हो पा रहा है।अचलगंज कस्बे के राजन शुक्ला ने बताया कि मौजूदा समय गंगा एक्सप्रेस पर जाने वाली मिट्टी के डंपर अचलगंज चौराहे से होकर पुरवा की ओर जा रहे है जिससे पूरे दिन चौराहे पर जाम लगा रहता है।

# दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक सड़क हादसा हुआ। बांगरमऊ-बिल्हौर मार्ग स्थित मदार नगर चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की पहचान खारपुरवा थाना बांगरमऊ निवासी 21 वर्षीय अमित पुत्र बैजू के रूप में हुई है। अमित अपनी बहन सरिता की शादी के बाद टेंट का सामान लेकर वापस लौट रहा था। मदार नगर चौराहे के पास विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से उसकी टक्कर हो गई। दूसरे बाइक सवार की पहचान आसत थाना बांगरमऊ निवासी 18 वर्षीय विमल कुमार पुत्र किस्नू के रूप में हुई है। विमल किसी काम से मदार नगर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दोनों घायल युवकों को तत्काल सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया गया। हालांकि, विमल की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर बांगरमऊ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगा रही है।

# 34 सदस्यों को विधायक ने मुंह मीठा कराकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। भगवान श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में ट्रस्ट की तरफ से आमंत्रित 34 सदस्यों को क्षेत्रीय विधायक की उपस्थित में मुंह मीठा कराकर रवाना किया गया। ज्ञात हो श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर के शिखर पर आगामी 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिले से श्रद्धालुओं को विशेष रूप से श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट अयोध्या की ओर से आमंत्रित किया गया था यह जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के लवकुश नगर के जिला मंत्री अजय कुशवाहा एडवोकेट ने बताया कि राम मंदिर में होने वाले ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह के विशेष आयोजन में आमंत्रित कुल 34 लोगों को काली भवानी मंदिर परिसर में अंगवस्त्र देकर व जलपान कराकर स्वागत कर अयोध्या के लिए जिले से बस को रवाना किया गया।इस दौरान जिला प्रचारक देवेंद्र, विधायक श्रीकांत कटियार, जिला मंत्री विहिप अजय कुशवाहा, मुकेश, विभव, अंकित सैनी, नीरज यादव, रामसजीवन आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर एसडीओ व जेई निलंबित

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। धानीखेड़ा स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का पांच एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर फुंक गया। पिछले कुछ दिनों से इस उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। जांच में सामने आया कि ट्रांसफार्मर पर निर्धारित सीमा से अधिक लोड था, जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। इसके परिणामस्वरूप भगवंतनगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय ने इस मामले को गंभीरता से लिया। निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने धानीखेड़ा उपकेंद्र के अवर अभियंता (जेई) आशीष कुमार चौधरी और भगवंतनगर के एसडीओ शशिकांत वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। अधीक्षण अभियंता योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों अधिकारियों को कर्तव्य में लापरवाही के कारण निलंबित किया गया है। उन्होंने उपकेंद्रों पर लोड की नियमित निगरानी के महत्व पर जोर दिया। इस बीच, अक्टूबर 2025 में सामने आए एक अन्य मामले में भी कार्रवाई हुई है। सिविल लाइन क्षेत्र में उपभोक्ता अनुपमा शुक्ला का कनेक्शन बिना संशोधित बिल दिए काटने और बिल संशोधन के नाम पर वसूली के आरोप लगे थे। इस मामले की जांच के बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने एक्सईएन प्रथम सौरभ निगम का गैर जनपद तबादला कर दिया। सौरभ निगम को मध्यांचल से हटाकर पश्चिमांचल विद्युत निगम लिमिटेड के अधीन स्थानांतरित किया गया है, जिसमें सहारनपुर, मुरादाबाद और मुजफ्फरनगर क्षेत्र शामिल हैं। इस प्रकरण में पहले जेई मुकेश भारती और एसडीओ सुशील कुमार को अक्टूबर में निलंबित किया गया था, हालांकि उन्होंने कोर्ट से स्टे आदेश प्राप्त कर अपने पदों पर वापसी कर ली है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, निगम वसूली और बिल हेरफेर की शिकायतों को गंभीरता से ले रहा है। आगे भी कड़े कदम उठा सकता है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने विभागीय कार्यप्रणाली और निगरानी तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ता भी उम्मीद कर रहे हैं कि कार्रवाई केवल कागजी न रहने पाए, बल्कि बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए मैदान में ठोस कदम उठाए जाएं।

# पति की बीमारी से परेशान महिला ने किया जान देने का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक महिला ने पति की बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास किया। रेलवे कर्मियों की सतर्कता से उसकी जान बचा ली गई। महिला ने लगातार दो बार अलग-अलग ट्रेनों के सामने कूदने की कोशिश की, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई और कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 11:20 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, जब वंदे भारत ट्रेन डाउन लाइन से गुजर रही थी, तभी राजीवनगर रेलवे स्टेशन के नीचे रहने वाली एक महिला अचानक ट्रैक पर कूदने के इरादे से पहुंच गई। ट्रेन चालक ने महिला को ट्रैक पर देखकर तुरंत ट्रेन रोक दी और उसे समझाकर ट्रैक से हटाया। चालक ने वॉकी-टॉकी के माध्यम से घटना की जानकारी स्टेशन अधीक्षक मोहम्मद शकील को दी। हालांकि, ट्रेन के आगे बढ़ने के कुछ ही समय बाद महिला फिर से डाउन लाइन की ओर पहुंच गई। इस बार उसने 01079 गोरखपुर स्पेशल फेस्टिवल ट्रेन के सामने आत्महत्या का प्रयास किया। गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के चालक ने जैसे ही महिला राजकुमारी (पत्नी भैया लाल) को ट्रैक पर देखा, उन्होंने तुरंत ट्रेन रोक दी और स्टेशन अधीक्षक को सूचना भेजी। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्टेशन अधीक्षक ने तत्काल आरपीएफ और जीआरपी को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीमें गंगाघाट स्टेशन पहुंचीं और महिला को ट्रैक से हटाया। पूछताछ में पता चला कि महिला पति की गंभीर बीमारी और घरेलू तनाव के कारण मानसिक रूप से परेशान है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह शराब के नशे में भी थी। गंगाघाट पुलिस ने महिला को उसके पति के इलाज के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था का आश्वासन दिया। पुलिस टीम ने महिला को शांत कराया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे उसके घर भेज दिया। इस घटना के कारण वंदे भारत सहित कई एक्सप्रेस ट्रेनें कुछ समय के लिए गंगाघाट स्टेशन पर रोककर चलाई गईं, जिससे ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ।

# तेज रफ्तार ऑटो ने महिला को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के करौंदी गांव समीप सड़क पार कर रही महिला को ऑटो ने टक्कर मार दी।हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दुर्घटना कर भाग रहे ऑटो को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी पदमावती (52)पत्नी कल्लू सोमवार को गांव के सामने से निकली मुख्यमार्ग की सड़क पार कर दूसरी ओर किसी काम से जा रही थी।तभी उन्नाव की ओर से आ रहे ऑटो ने उसे टक्कर मार कर भाग खड़ा हुआ।दुर्घटना देख भाग रहे ऑटो को ग्रामीणों ने पीछा कर चालक सहित कब्जे में कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल पदमा को परिजन सीएचसी ले गए जहां डाक्टर ने नाजुक स्थित देख इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सम्पादकीय

# तेजस विमान हादसे की जांच आवश्यक

दुबई एयर शो में भारतीय तेजस लड़ाकू विमान का प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाना केवल एक दुखद घटना नहीं, बल्कि भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता के सामने खड़े गंभीर प्रश्नों की ओर भी संकेत करता है। दुनिया के सबसे बड़े एविएशन आयोजनों में से एक माने जाने वाले दुबई एयर शो में जब शुक्रवार दोपहर तेजस अचानक नियंत्रण खोकर नीचे गिर पड़ा, तो कुछ ही पलों में अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर काले धुएं का विशाल गुबार उठता दिखाई दिया। हादसे में एक अनुभवी पायलट की जान चली गई। तेजस, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है, भारत की आधुनिक रक्षा तकनीक का प्रतीक माना जाता रहा है। यह 4.5-जनरेशन का मल्टी-रोल कॉम्बैट विमान है, जिसे एयर-डिफेंस, ग्राउंड अटैक और नजदीकी लड़ाई जैसे विविध सैन्य अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका हल्का और छोटा ढांचा इसे फुर्तीला बनाता है और इसकी एक बड़ी विशेषता मार्टिन-बेकर की जीरो-जीरो इजेक्शन सीट है, जो पायलट को शून्य गति और शून्य ऊंचाई पर भी सुरक्षित बाहर निकलने की क्षमता देती है। यह विशेषता आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक मजबूत सुरक्षा कवच मानी जाती है लेकिन यही विशेषताएं इस हादसे को और अधिक हैरान करने वाली बनाती हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी उन्नत सुरक्षा तकनीक के बावजूद पायलट सुरक्षित क्यों नहीं बच पाया? क्या इजेक्शन सिस्टम को सक्रिय करने के लिए समय नहीं मिल पाया, या क्या तकनीकी स्तर पर कोई चूक हुई? इन प्रश्नों के उत्तर न सिर्फ तकनीकी जांच पर निर्भर हैं, बल्कि भारत की वायु सुरक्षा नीतियों और प्रोटोकॉल पर भी। चिंता का दूसरा बड़ा पहलू यह है कि बीते दो वर्षों में यह दूसरा तेजस हादसा है। मार्च 2024 में जैसलमेर के पास हुए दुर्घटनाग्रस्त तेजस में पायलट सुरक्षित बच गया था। वह घटना 2001 में पहली टेस्ट फ्लाइट के बाद तेजस का पहला बड़ा हादसा थी। लेकिन अब एक और दुर्घटना ने यह समझने की ज़रूरत पैदा कर दी है कि क्या यह केवल संयोग है या किसी गहरी प्रणालीगत कमी का संकेत। एयर शो में हुए हादसे अलग तरह से महत्वपूर्ण होते हैं। यहां उड़ानें सिर्फ तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि दुनिया के सामने देश की सैन्य और विमानन क्षमता का प्रदर्शन भी होती हैं। ऐसे मंच पर हुआ दुर्घटनाग्रस्त प्रदर्शन न केवल भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकता है, बल्कि संभावित अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारियों और निर्यात योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर करता है। इसके अलावा, यह घटना तेजस की युद्ध परिस्थितियों में विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि नियंत्रित प्रदर्शन वातावरण में सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में उच्च दबाव, ऊंचे तापमान और अचानक आने वाली चुनौतियों का सामना यह विमान किस स्तर पर कर पाएगा, यह गंभीर विमर्श का विषय है। इस दुर्घटना के बाद अनिवार्य रूप से व्यापक तकनीकी जांच होगी, लेकिन उससे अधिक आवश्यक है कि तेजस परियोजना के हर पहलू, डिज़ाइन, रख-रखाव, गुणवत्ता नियंत्रण, पायलट प्रशिक्षण और उड़ान सुरक्षा की समग्र समीक्षा की जाए। भारत ने तेजस को दशकों की मेहनत के बाद विकसित किया है और यह राष्ट्रीय गौरव का प्रोजेक्ट है। इसलिए इसका सुरक्षित, भरोसेमंद और युद्ध-सक्षम होना अनिवार्य है। तेजस की उड़ान तभी आसमान में स्थिर रह सकेगी, जब उसकी नींव तकनीकी और संस्थागत दोनों, और अधिक मजबूत बनाई जाए।

## प्रतिस्पर्धा

डॉ. एन. के. सोमानी



# खतरनाक है परमाणु परीक्षण का विचार

विश्व बिरादरी में जिस बात को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी अंततः वह सत्य साबित हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या राष्ट्रों के बीच एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक प्रतिस्पर्धा शुरू होने जा रही है और दुनिया एक बार फिर शीत युद्ध के मुहाने पर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गुपचुप तरीके से परमाणु परीक्षण किए जाने के बाद मॉस्को से जो प्रतिक्रिया आई है, उससे भी इस बात की तस्दीक हो जाती कि बहुत जल्द विश्व भर में भू-राजनीतिक तापमान बढ़ने वाला है। हालांकि मॉस्को ने नवंबर के पहले सप्ताह में ही सुरक्षा परिषद को चेता दिया था कि यदि अमेरिका या व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर करने वाला कोई भी देश परमाणु हथियार का परीक्षण करता है तो रूस भी इस तरह का कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। दरअसल परमाणु प्रतिस्पर्धा को लेकर बयानबाजी का दौर पिछले महीने उस वक्त शुरू हुआ, जब अक्टूबर के अंत में रूस ने अपनी नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की। पोसाइडन परमाणु ड्रोन से लैस इस पनडुब्बी को डूम्सडे (कयामत का दिन ) मिसाइल भी कहा जाता है। पानी के अंदर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम वाली यह पनडुब्बी रूस को अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने मे सक्षम बनाती है। मास्को के इस कदम के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने से पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि उन्होंने अपने युद्ध विभाग को अन्य परमाणु-सशस्त्र शक्तियों के साथ 'समान आधार' पर तुरंत परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन रूस की स्टेट न्यूज एजेंसी आरटी. कॉम ने इस बात का दावा कर सनसनी फैला दी कि अमेरिका ने अगस्त माह में ही गुपचुप तरीके से बी 61-12 थर्मोन्यूक्लियर बम का परीक्षण कर लिया है।

ऑपरेशन शैडो डाप कोडनेम के साथ किए गए इस परीक्षण में अमेरिका ने बिना वारहेड वाले बी-61-12 बम को एफ-35 विमान से गिराकर टेस्ट किया और दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। ऐसे में अहम सवाल यह है कि अमेरिका ने दुनिया को अंधेरे में क्यों रखा। क्या ट्रंप ने दुनिया को उलझाए रखने के लिए ही सोशल मीडिया पर झूठे निर्देश दिए या इसका असल मकसद कुछ ओर था। कहा तो यह भी जा रहा है कि मॉस्को व बीजिंग पर रणनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए यह ट्रंप का महज एक रणनीतिक कदम है। अमेरिका ने आखिरी बार पूर्ण पैमाने पर परमाणु परीक्षण 1992 में किया था। इसके बाद 1996 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किसी भी तरह के परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब 33 साल के लंबे अंतराल के बाद ट्रंप ने परमाणु हथियार का परीक्षण कर दुनिया को अमेरिकी धमक से परिचित करवाया है। हाल के दिनों में जिस खतरनाक ढंग से दुनिया के सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार वाले देशों के बीच अचानक तनाव बढ़ा है, उसमें अमेरिका का यह कदम चिंता बढ़ाने वाला है। पिछले दिनों जब यूक्रेन युद्ध को रोकने के तमाम प्रयासों के असफल होने से तमतमाए ट्रंप ने हंगरी में पुतिन के साथ होने वाली वार्ता को रद्द करने का ऐलान किया, उसके बाद से ही इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही थी कि रूस पर युद्ध रोकने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका की ओर से कुछ 'बड़ा कदम' उठाया जा सकता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह परीक्षण यूक्रेन युद्ध को रोकने में विफल रहे ट्रंप की हताशा का परिणाम है। पिछले तीन दशक में न तो मॉस्को ने और न ही बीजिंग ने किसी तरह का परीक्षण किया है। अब मास्को की घोषणा के बाद बीजिंग भी देर-सबेर इसकी घोषणा कर सकता है। दुनिया पहले ही परमाणु हथियारों के ढेर पर है। चीन, फ्रांस, यूनाइडेट किंगडम, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल को छोड़ दे तो भी अकेला अमेरिका और रूस के पास परमाणु हथियारों का बड़ा जखीरा है।



**भाषायी विवाद**

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# भाषायी असहिष्णुता की मानवीय कीमत

> हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

भाषा वह मौलिक शक्ति है जो मनुष्य के विचारों, भावनाओं, संस्कारों, संबंधों और पहचान को एक सूत्र में पिरोती है। भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं है बल्कि मनुष्य की संस्कृति, इतिहास और सामूहिक स्मृति का जीवंत रूप है। इसलिए भाषा को लेकर सम्मान, सौहार्द और सहिष्णुता किसी भी सभ्य समाज के अनिवार्य तत्त्व माने जाते हैं। लेकिन जब यही भाषा अहंकार, आक्रोश और पहचान की राजनीति का मंच बन जाए, तो इसकी संजीदगी रक्तरंजित भी हो सकती है। भारत जहां भाषाओं की विविधता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वहीं यह भाषाओं की विविधता संवेदनशील और नाजुक भी दृष्टिगोचर होती है। इसी संवेदनशीलता के साथ किए गए किसी भी खिलवाड़ का परिणाम सामाजिक तनाव, हिंसा और कभी-कभी अमानवीयता तक पहुंच जाता है। हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। उसके पिता के अनुसार, वह घटना के बाद घबराए हुए, अवसादग्रस्त और भीतर से अस्थिर दिखने लगे थे। उनका आत्मविश्वास चकनाचूर हो चुका था। कुछ ही दिनों में उन्होंने आत्महत्या कर ली, एक ऐसी मौत जो किसी बीमारी, असफलता या व्यक्तिगत संकट की वजह से नहीं, बल्कि भाषा पर आधारित अपमान और भय की वजह से हुई। यह त्रासदी केवल एक युवक की मृत्यु नहीं है; यह उस समाज के अंतःकरण पर लगा गहरा प्रश्नचिह्न है जिसने भाषा के नाम पर हिंसा को स्वीकृति जैसा मौन समर्थन दे दिया है। यह बताती है कि भाषाई असहिष्णुता सिर्फ मारपीट जैसी सतही घटनाओं तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति की मानसिक संरचना, आत्मसम्मान और अस्तित्व-बोध पर प्रहार करती है। यह कोई पहली घटना भी नहीं है। महाराष्ट्र में भाषा की राजनीति और मराठी अस्मिता के सवाल दशकों से उबलते रहे हैं। कभी गैर-मराठी दुकानदारों, टैक्सी चालकों या कामगारों को अपमानित कर पीटा जाता है तो कभी लोकल ट्रेन, दफ्तर या हॉस्टल में हिंदी भाषियों को तिरस्कार झेलना पड़ता है। लेकिन इन सबके बीच पहली बार ऐसा उदाहरण सामने आया है जहां एक मराठी युवक को हिंदी बोलने के कारण उत्पीड़न झेलना पड़ा और अंततः उसने जान दे दी। यह इस बात का प्रमाण है कि असहिष्णुता का दानव किसी भी समय दिशा बदल सकता है, क्योंकि उसकी जड़ें भाषा में नहीं, बल्कि मनोवृति में होती हैं। जब समाज में भाषा पहचान के बजाय श्रेष्ठता साबित करने का माध्यम बन जाती है, तब वह अपनों को भी नहीं छोड़ती। महाराष्ट्र की यह घटना उस व्यापक भारतीय कहानी का हिस्सा है जिसमें भाषा अक्सर संवेदनशील राजनीतिक और सामाजिक प्रश्न बन जाती है। तमिलनाडु इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है, जहां 1965 में हिंदी-विरोध आंदोलन ने शिक्षा नीति,



संघवाद और स्थानीय अस्मिता को लेकर बड़े संघर्ष को जन्म दिया था। इसी तरह कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर भाषा और क्षेत्रीय पहचान ने कई बार तनाव को जन्म दिया। पूर्वोत्तर भारत में भी भाषाई पहचान अक्सर संघर्षों का मूल रही है, असम बनाम बंगाली समाज, असम-मिज़ोरम की सीमा पर विवाद और बांग्लाभाषियों के खिलाफ आंदोलन इसके उदाहरण हैं। पंजाब में गैर-पंजाबी मजदूरों तथा हिंदी-उर्दू भाषी समुदायों से दूरी ओर अविश्वास कई बार उग्र रूप लेता रहा है। दिल्ली और उत्तर भारत में भी हिंदी-अंग्रेजी की प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय भाषाओं की उपेक्षा, एक अलग तरह की भाषाई असमानता को जन्म देती है। इन सभी घटनाओं से पता चलता है कि भाषाई तनाव किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है; यह पूरे भारत के सामाजिक मनोविज्ञान में मौजूद एक पुराना, जटिल और बहुपरत तनाव है। भाषाई असहिष्णुता की सबसे बड़ी कीमत युवा पीढ़ी चुका रही है। किशोर और युवा, जो समाज के बदलते वातावरण को सबसे तेजी से ग्रहण करते हैं, भाषा आधारित अपमान और हिंसा के कारण गहरे मानसिक तनाव का सामना करते हैं। अर्णव की घटना इसका चरम रूप है, लेकिन उससे पहले भी न जाने कितने युवा भाषा के कारण भेदभाव, शर्मिंदगी और अवसाद से गुजर चुके हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बार-बार अपमानित होने पर व्यक्ति का आत्मविश्वास टूट जाता है। इस समस्या की जड़ें केवल समाज के व्यवहार में नहीं हैं, बल्कि राजनीति के उन विघटनकारी प्रयासों में भी हैं जहां भाषा को वोट बैंक का औजार बनाया जाता है। भाषायी अस्मिता को उभारना आसान है, क्योंकि यह गौरव और पीड़ित भाव दोनों को एक साथ जगाती है। कई राज्यों में नेताओं ने भाषा को भावनात्मक हथियार बनाकर मतदाताओं के बीच विभाजन पैदा किया। महाराष्ट्र इसका एक प्रमुख उदाहरण है। लेकिन इसका परिणाम यह हुआ कि भाषाई पहचान की राजनीति ने समाज के दैनिक जीवन में भी कटुता पैदा कर दी। यही वजह है कि समय-समय पर सामाजिक चिंतक, साहित्यकार और शिक्षाविद यह चेतावनी देते रहे हैं कि भाषा की राजनीति आर्थिक विकास, सामाजिक शांति और सांस्कृतिक सामंजस्य को चोट पहुंचाती है। समाधान का रास्ता केवल कानूनी नहीं हो सकता। समाज को सांस्कृतिक, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर खुद को बदलना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में भाषाई विविधता और सहिष्णुता पर आधारित गतिविधियां, परिचर्चाएं और बहुभाषी उत्सवों का आयोजन करना होगा। बच्चों को यह सिखाना होगा कि किसी व्यक्ति की भाषा उसकी योग्यता का मापदंड नहीं होती। उसे सम्मान देना हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। इसके साथ ही रेलवे, बस सेवाएं, लोकल प्रशासन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में भाषा विविधता को लेकर संवेदनशीलता प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। डिजिटल दुनिया में भी भाषा-आधारित उत्पीड़न तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर भाषा का उपहास, तिरस्कार या नफरत फैलाना एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। इसके लिए भी कठोर नियम, दंड और जागरूकता अभियान जरूरी हैं। मीडिया को अपनी भूमिका निभाते हुए भाषाई विविधता को भारतीयता की शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए, न कि विभाजन का आधार बना देना चाहिए। भाषा संवाद का माध्यम है, परख का नहीं। हमें तय करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को किस प्रकार का समाज सौंपना चाहते हैं, एक ऐसा समाज जहां विविधता को त्योहार की तरह मनाया जाए या एक ऐसा समाज जहां छोटी-सी भाषाई भिन्नता हिंसा का कारण बन जाए। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

**दर्शन**

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित

**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नीतीश की आगे की राह**

नीतीश कुमार का बिहार की सत्ता पर लंबे समय से लगातार विराजमान होने पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। नीतीश कुमार देश की राजनीति के बेशक दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन वह भी दल बदलने में माहिर हैं। वह समय समय पर दल बदलकर बिहार से लेकर दिल्ली तक राजनीति में हलचल मचा देते हैं। उन्होंने जनता दल से रुठ कर समता दल बनाया, फिर जनता दल यूनाइटेड, कभी भाजपा में शामिल हुए तो कभी भाजपा से नाराजगी, कभी कांग्रेस की तरफ, शायद इनका झुकाव रहा। नीतीश कुमार ऐसा क्यों करते हैं, यह तो वो ही अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन फिर भी इनकी फिर से जीत यह भी सवाल खड़े करती है कि बिहार ने इन पर भरोसा किया या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार रहा? नीतीश के सामने चुनौती अब यह है कि उन्हें जनता से किए वादे निभाने हैं। - **प्रमोद जोशी**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कृषि सहयोग पर चर्चा



इज़राइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचर से मिलकर खुशी हुई। कृषि में हमारे मजबूत सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें सटीक खेती, ड्रिप सिंचाई, रेगिस्तानी कृषि और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में इज़राइल की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### नए श्रम कानून



नए श्रम कानून के तहत अब टेक्सटाइल वर्कर्स, एक्सपोर्ट सेक्टर, आईटी सेक्टर, तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों समेत सभी श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा को मजबूती मिली है। श्रमिकों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक फैसला।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री

### पायलट के निधन से दुःख



दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में हमारे बहादुर भारतीय वायुसेना पायलट के निधन से गहरा दुःख हुआ है। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। राष्ट्र उनके साहस और सेवा का सम्मान करते हुए उनके साथ खड़ा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### पहली अटल कैंटीन



दिल्ली से किया एक और वादा पूरा होने जा रहा है। आज पहली अटल कैंटीन की नींव रखी गई है। जल्द ही 100 अटल कैंटीनें जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू होंगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# दुनिया को मिलकर जलवायु संबंधी वित्त बढ़ाने की जरूरत

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यहां कहा कि भारत जलवायु कार्रवाई के हिस्से के तौर पर घरेलू अनुकूलन के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वैश्विक खाई बढ़ने के चलते जलवायु अनुकूलन संबंधी वित्त को बढ़ाने की जरूरत है। यादव ने यह भी कहा कि जलवायु संबंधी वार्षिक शिखर सम्मेलन 'सीओपी 30' को एक साफ राजनीतिक संदेश देना चाहिए कि ''अनुकूलन कोई वैकल्पिक उपाय नहीं, बल्कि एक जरूरी निवेश है।" उन्होंने जारी 'यूएन सीओपी 30' शिखर सम्मेलन में बृहस्पतिवार को अनुकूलन पर 'बाकू उच्चस्तरीय संवाद' में अपने संबोधन के दौरान कहा, ''वर्ष 2025 की अनुकूलन अंतराल रिपोर्ट का अनुमान है



## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है।



## संक्षेप

### डीएम ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण

**धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, जनता से फॉर्म जमा करने की अपील**

कुशीनग, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कसया और फाजिलनगर विकासखंडों के विभिन्न मतदान केंद्रों पर चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने फॉर्म जमा होने और ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय दमवतीया (पडरौना) के निरीक्षण में 920 मतदाताओं के सापेक्ष केवल 25 फॉर्म जमा पाए गए। अत्यंत धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और बीएलओ को तुरंत गति बढ़ाने का निर्देश दिया। प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर बुजुर्ग में 1280 मतदाताओं के मुकाबले 700 फॉर्म जमा और 250 ऑनलाइन प्रविष्टियां पाई गईं। डीएम ने इसे संतोषजनक बताया, लेकिन शेष परिवारों तक शीघ्र पहुंच बनाकर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। कसया क्षेत्र के एक अन्य बूथ पर 1285 मतदाताओं में से 350 फॉर्म जमा और 350 ऑनलाइन प्रविष्टियां थीं।

### कुशीनगर के पडरौना में भीषण जाम

**एम्बुलेंस, स्कूली बच्चे घंटों फंसे, पीढ़िया विसर्जन से फंसे लोग**

कुशीनगर, पडरौना स्थित खिरकिया में भीषण जाम लग गया, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। पडरौना बाईपास सड़क से खिरकिया झरही पुल तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस जाम में एम्बुलेंस, स्कूली बच्चे, शिक्षक और अन्य यात्री घंटों फंसे रहे। यह मार्ग पश्चिमी चंपारण जिले के चार ब्लॉकों सहित विशनपुरा विकास खंड का मुख्य आवागमन मार्ग है। खिरकिया, जंगल अमवा, मटियरवा और सोहरौना जैसे ग्रामीण इलाकों से युवतियां पीढ़िया विसर्जन के लिए खिरकिया झरही घाट पर जुटने लगी थीं। विसर्जन के लिए पहुंची युवतियों के साथ साउंड सिस्टम वाले वाहन भी थे, जिससे धीरे-धीरे यातायात बाधित होता चला गया। कई घंटों तक जाम खुलने का नाम नहीं ले रहा था।

### मारपीट में घायल तैयब अंसारी की मौत

**परिजनों ने हत्या की धारा जोड़ने, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की**

कुशीनगर, खड्डा नगर पंचायत के आजाद नगर वार्ड नंबर 4 में तैयब अंसारी (48) की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव है। परिजनों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और मामले में हत्या की धारा (302) जोड़ने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने तक वे मृतक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। तैयब अंसारी अपने चाचा के लड़के अजहर के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। सौराहना चौराहा के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार कुछ लोगों ने अचानक ट्रॉली में लगी भण्डी खींचकर तैयब पर हमला कर दिया। परिजनों ने बताया कि यह हमला बिना किसी स्पष्ट कारण के किया गया था। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल तैयब को पहले सीएचसी तुर्कहा ले जाया गया

# बीएलओ व सुपरवाइजर के कार्यों की निगरानी करेंगे जिला स्तरीय अधिकारी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 04 दिसम्बर 2025 बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किये जाने तथा भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त कर समय से डिजिटाइजेशन का कार्य सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारी के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की सत्त निगरानी हेतु एक जिला स्तरीय अधिकारी को 20-20 बूथ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एस.आई.आर. की निगरानी हेतु नामित किये गये अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक सुपरवाईजर के अधीन लगभग 10 बी.एल.ओ. कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक जिला स्तरीय अधिकारियों को 02 सुपरवाईजर्स जिसके अधीन लगभग 20 बीएलओ आते हैं की निगरानी का टास्क सौंपा जा रहा है। डीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी अर्ह युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और कोई भी अनर्ह व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। डीएम ने कहा कि एस.आई.आर. लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने का हिस्सा है। डीएम ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए नामित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक मतदाता तक गणना प्रपत्र समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा भरे हुए प्रपत्र प्राप्त भी किये जायें। उन्होंने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र का भ्रमण करें तथा नियमित रूप से सुपरवाईजर व बीएलओ के साथ सम्पर्क में रहकर डे-बाई-डे की प्रगति लेते रहें। यदि कहीं पर सुपरवाइजर व बीएलओ के स्तर पर कोई समस्या आ रही है तो उसका भी समाधान करायेंगे। डीएम ने कहा कि निर्वाचन जैसे कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी अधिकारी को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को शीर्ष प्राथमिकता पर सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, डीडीओ राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, आईसीडीएस विभाग व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## 11.7 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। बीते रविवार को सीमा चौकी बलाईगांव से सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) होरें दिहिन्गीय के साथ 06 अन्य कार्मिक और श्वान ₹रॉक₹ ने प्राप्त आसूचना के आधार पर, स्थानीय पुलिस थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अमरेश कुमार गिरी तथा 03 अन्य कार्मिक के साथ भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त करते हुए सीमा स्तंभ संख्या 665/01 की तरफ जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत से नेपाल की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। गश्ती दल को सामने आता देख वह व्यक्ति घबराय गया और भागने लगा, परंतु गश्ती दल ने तुरंत घेरावंदी करके उसे पकड़ लिया और उससे भागने का कारण एवं नाम-पता पूछा। इस पर उस व्यक्ति ने अपना नाम ललित बहादुर बस्नेत, पुत्र करण बहादुर बस्नेत, उम्र 25 वर्ष, बन्सगढ़ी, बर्दिया, नेपाल का निवासी बताया। गश्ती दल द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके पास नशीला पदार्थ स्मैक है, और इसी कारण वह भाग रहा था। गश्ती दल कमांडर द्वारा इसकी सूचना तुरंत कोमिरे प्रदीप गोंड सहायक कमांडेंट को दी गई। सूचना मिलते ही उक्त अधिकारी मौके पर पहुंचे और उनकी उपस्थिति में पकड़े गए व्यक्ति की जमा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान व्यक्ति द्वारा पहने पैंट के दाहिनी जेब से प्लास्टिक की एक छोटी पोटली बरामद हुई। पोटली खोलने पर उसमें स्मैक पाया गया, जिसकी पुष्टि श्वान रॉक द्वारा भी की गई। उक्त अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की गई और जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया।

# गणना प्रपत्र भरने में सहयोग करें मतदाता: मोनालिसा जौहरी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 283-नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सभी मतदाताओं, ग्राम प्रधान व सदस्य ग्राम पंचायत, नगर निकायों के सभासद व सदस्य तथा उचित दर विक्रेताओं से अपील की है कि अपने सम्बन्धियों, ईष्ट मित्रों, पड़ोसियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए गणना प्रपत्र को भरे जाने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार प्रक्रियाधीन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और गणना प्रपत्र पुनः प्राप्त कर, बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज्ड किया जा रहा है। इस कार्य हेतु अन्तिम तिथि 04 दिसम्बर 2025 है। एसडीएम नानपारा श्रीमती जौहरी ने बताया कि ने बताया कि इच्छुक मतदाता स्वयं भी वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन पर जाकर आनलाइन भी आवेदन कर सकते है। एस.आई.आर. के सम्बन्ध में किसी जानकारी के लिए बीडीओ नवाबगंज मो.नं. 9454464806, बीईओ नवाबगंज मो.नं. 9839398000, तहसीलदार नानपारा मो. नं. 9454416039, नायब तहसीलदार बलहा के मो.नं. 9451934605, बीडीओ शिवपुर मो.नं. 9454464808 अथवा नानपारा में स्थापित कन्ट्रोल रूम के मो.नं. 8005231505, 6306453965 पर सम्पर्क कर सकते है

# निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर में 190 लोगों की जांच

## आरएचएन फाउंडेशन व आरएसएस के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

### 55 मोतियाबिंद मरीज सीतापुर अस्पताल रेफर

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के शिवपुरा पंचायत भवन में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में राधेलाल हरिनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट आरएचएन फाउंडेशन रवि अग्रवाल के द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराने के उद्देश्य से लगाए गए इस शिविर में भारी संख्या में स्थानीय लोग लाभान्वित हुए। शिविर का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ किया गया। आरएचएन फाउंडेशन के सहयोग से सीतापुर नेत्र अस्पताल से पहुंचे विशेषज्ञों की टीम शिविर संचालक अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में लगभग 190 मरीजों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 55 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क ऑपरेशन हेतु विशेष बस से भेजा गया। शिविर में आए रोगियों को फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क दवाएं और चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। इसी दौरान युवराज सिंह फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य टीम डॉ. ज्योति दत्त, अंजली, प्रिंसी और प्रियांका ने लगभग 90 महिलाओं का निःशुल्क ब्रेस्ट कैंसर परीक्षण किया। गांव की महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टीम ने प्रारंभिक लक्षणों एवं रोकथाम से संबंधित जानकारी भी प्रदान की। स्थानीय ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य कार्यक्रम दूरदराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की बड़ी सहूलियत प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर रमेश राव, एसएसबी शिवपुरा पोस्ट के सबइंस्पेक्टर डिंबेश्वर दास आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख विवेक कुमार शुक्ला, जिला घुमंतू प्रमुख चंद्रप्रकाश, सह खंड कार्यवाह दीपक शर्मा, गुड्डू गुप्ता, अमेरिका प्रसाद, मोहित पाठक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिजली बिल राहत योजना बनेगी वरदान, उपभोक्ता को मिलेगा सीधा लाभ

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तथा बिजली विभाग ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बिजली बिल राहत योजना 2025 लागू की है जिसमें बकाया बिल और सरचार्ज पर काफी छूट प्रदान की गई है जिसका लाभ समय रहते उपभोक्ता उठा सकते हैं। इस योजना में सर चार्ज और ब्याज पूरी तरह से माफ है तथा बिजली का मूलधन का भी 25,20,15 फीसदी चरणवार माफ किया गया है। प्रथम चरण दिसंबर में 25 फीसदी, दूसरे चरण जनवरी में 20 फीसदी, तीसरे चरण फरवरी में 15 फीसदी मूलधन में माफी की योजना है। इस योजना के लिए उपभोक्ताओं को एक दिसंबर से रजिस्ट्रेशन कराकर लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही इस योजना में बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं पर लगे जुमार्ने में भी छूट का प्रावधान किया गया है। जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल लंबे समय से बकाया है वह इस योजना का लाभ आसानी से उठाकर लाभान्वित हो सकते हैं। इस संबंध में एसडीओ मिहींपुरवा लल्लन कुमार ने बताया कि बिजली बिल राहत योजना से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल सकती है। उपभोक्ता प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन करा कर बिजली बिल अदा करेंगे तो उन्हें सर चार्ज ब्याज माफ के साथ ही मूलधन का 25 फीसदी माफी का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है उपभोक्ता उपखंड मिहींपुरवा खंड नानपारा के साथ ही नजदीकी सीएचसी केंद्र जाकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# फार्मर रजिस्ट्री बनेगी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आधार: डॉ विनय वर्मा

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने में रूचि न लेने वाले किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा होगी। जिले में कुल 05 लाख 08 हजार 600 किसानों की फार्मर आईडी बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 03 लाख 32 हजार 676 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गयी है, जो कि लक्ष्य का मात्र 65.41 प्रतिशत है। श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी न बनवाने वाले किसानों को निकट भविष्य में सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं के लाभ से वंचित किया जा सकता है।

उप कृषि निदेशक ने जिले के कृषकों से अपील की है कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, राजस्व लेखपाल से सम्पर्क कर अथवा स्वयं अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर फार्मर आईडी बनवा लें। जिससे कि उन्हें कृषि योजनाओं सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड व भूमि सम्बन्धी अन्य लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। फार्मर आईडी बनवा लेने से किसानों को खाद, बीज व कृषि निवेशों में अनुदान प्राप्त करने में आसानी होगी। फार्मर आईडी किसानों की पहचान होगी। फार्मर आईडी के यूनिक कोड की मदद से कृषक सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

डीडी एग्री श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने के बाद कृषक को एक क्लिक पर ही इंटरनेट के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में कृषक का पूरा ब्यौरा उपलब्ध हो सकेगा। जिससे किसान को कहीं भी अपने अभिलेख व कागजात साथ लेकर नहीं जाना पड़ेगा। श्री वर्मा ने बताया कि फार्मर आईडी बनवाने वाले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, केसीसी तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा। श्री वर्मा ने किसानों को सुझाव दिया है कि शीघ्र से शीघ्र फार्मर आईडी बनवा लें ताकि उन्हें सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ मिलता रहे।

# 26 नवम्बर को रामलीला मैदान तेजवापुर में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

## दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करेंगे 400 नव विवाहित जोड़े

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 26 नवम्बर 2025 को विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 400 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व जिला विकास अधिकारी को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# रूपईडीहा में ग्रामीण बैंक का नेटवर्क ठप, ग्राहकों की बढ़ी परेशानिया

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की रूपईडीहा शाखा में इन दिनों नेटवर्क की लगातार समस्या बनी हुई है। श्री रामजानकी इण्टर कॉलेज में कार्यरत शिक्षक ए. पी. श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक में अक्सर नेटवर्क नहीं रहता है, जिसके कारण बैंकिंग कार्य बाधित हो जाते हैं। नेटवर्क न रहने से खाता धारकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्राहकों को एक छोटे से कार्य के लिए भी दो-तीन दिनों तक बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। अन्य ग्राहकों का कहना है कि नेटवर्क समस्या के कारण न तो समय पर पैसे जमा हो पाते हैं और न ही निकासी की प्रक्रिया सुचारु रूप से हो पाती है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बैंक प्रबंधन व संबंधित विभाग से मांग की है कि रूपईडीहा शाखा की नेटवर्क व्यवस्था को शीघ्र सुधारकर, अतिरिक्त इंटरनेट सेवा की भी व्यवस्था की जाए, जिससे कार्य बाधित न हो एवं आम जनता को राहत मिल सके।



# नेशनल हाइवे पर सीएनजी गैस लीक

## आधे घंटे तक दोनों ओर यातायात रोकना पड़ा, बड़ा हादसा टला

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, नेशनल हाइवे पर एक डीसीएम में भरे सीएनजी सिलेंडरों से गैस लीक हो गई। घटना नगरिया मोड़ के पास हुई, जिसके बाद एहतियात के तौर पर आधे घंटे तक हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। तिलहर थाना क्षेत्र के खानपुर स्थित सीएनजी प्लांट से डीसीएम में सिलेंडर भरकर बरेली ले जाए जा रहे थे। नगरिया मोड़ के पास पहुंचने पर अचानक एक सिलेंडर से गैस का रिसाव शुरू हो गया। डीसीएम के पीछे चल रहे वाहन चालकों ने इसकी जानकारी ड्राइवर को दी, जिसने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोक दिया। गैस रिसाव इतनी तेजी से हो रहा था कि उसकी आवाज साफ सुनी जा सकती थी और गैस का फव्वारा स्पष्ट दिख रहा था। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। सुरक्षा के मद्देनजर, हाइवे पर दोनों ओर यातायात रोक दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को माचिस जलाने या धूम्रपान करने से मना किया। प्लांट के कर्मचारियों को बुलाकर सिलेंडर से हो रहे गैस रिसाव को रोका गया। करीब आधे घंटे बाद स्थिति सामान्य होने पर डीसीएम को बरेली के लिए रवाना कर दिया गया और यातायात बहाल हो गया। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ था, जिसे आधे घंटे में ठीक कराकर डीसीएम को आगे भेजा गया। यातायात अब सामान्य है।

# हिन्दुस्तान मेडिकल एजेंसी पर एफआईआर दर्ज

## सुलतानपुर में कोडीन-ट्रामाडोल दवाओं की अवैध खरीद-बिक्री की आशंका

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए औषधि विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई शुरू की है। शासन स्तर की टीम को शहर के गोलाघाट स्थित मेसर्स हिन्दुस्तान मेडिकल एजेंसी (प्रोप्राइटर देवीता कुमारी) में कोडीनयुक्त 'कोडिवा कफ सिरप' और ट्रामाडोल तत्व वाली 'प्यूरोक्सोविन स्पास कैप्सूल' की संदिग्ध खरीद-बिक्री की शिकायत मिली थी। इस सूचना के आधार पर, सहायक आयुक्त (औषधि) अयोध्या मंडल के निर्देश पर औषधि निरीक्षक राज प्रसाद और उनकी टीम ने 25 अक्टूबर को फर्म पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान फर्म की सक्षम व्यक्ति श्वेता कुमारी भी उपस्थित थीं। टीम को इन दवाओं की खरीद सारांश तो उपलब्ध कराई गई, लेकिन बिक्री से संबंधित कोई बिल या अन्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। बार-बार मांगने पर भी न तो स्टॉक रजिस्टर मिला और न ही इन नियंत्रित औषधियों की बिक्री का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध कराया गया। दवाओं की खरीद तो दर्शाई गई थी, लेकिन बिक्री का कोई हिसाब न मिलने पर स्थिति संदिग्ध पाई गई। इसके परिणामस्वरूप, औषधि निरीक्षक ने फर्म को इन दवाओं के क्रय-विक्रय पर तत्काल रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया। इसके बाद, 29 अक्टूबर को विभाग ने फर्म को लिखित नोटिस जारी कर 31 अक्टूबर तक सभी संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी'

## अपर्णा यादव और सतीश चन्द्र शर्मा ने किया नेतृत्व, हजारों लोग हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर अमेठी में 'रन फॉर यूनिटी' एकता यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव और अमेठी के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। यह यात्रा अमेठी कस्बे के रामलीला मैदान से शुरू हुई और पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद वापस रामलीला मैदान पर समाप्त हुई। लगभग 3 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं और आम नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। दरअसल, पूरे देश में पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 'रन फॉर यूनिटी' के नाम से मनाई जा रही है। जिले में भी अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, और अमेठी विधानसभा में यह एकता यात्रा आयोजित की गई। यात्रा के दौरान डीजे और बुलडोजर भी आगे चल रहे थे, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, युवा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र और व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश सोनी सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पीएसी के जवानों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। यात्रा के समापन पर नेताओं ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

## संक्षेप

### मोदीनगर में खुला वंचित बालिकाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र

**सिलाई प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनेंगी लड़कियां, क्राउडफंडिंग से जुटे पैसे**

गाजियाबाद , मोदीनगर में वंचित बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया है। नव्या मोदी ने अपनी मित्रों रिहाना, अरजोई, काइरा और ज़िया के साथ मिलकर इस केंद्र की शुरूआत की। यह परियोजना गिन्नी मोदी डिग्री कॉलेज में संचालित की जा रही है, जिसका लक्ष्य लाभार्थियों को सुरक्षित और सहयोगपूर्ण सीखने का वातावरण प्रदान करना है। मानव मोदी की पुत्री और डीके8 मोदी की पोती नव्या मोदी ने इस पहल का नेतृत्व किया। उन्होंने क्राउडफंडिंग के माध्यम से सिलाई मशीनें दान करने के लिए आवश्यक धनराशि जुटाई। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य इन बालिकाओं को ऐसे व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है, जिनसे वे भविष्य में स्वावलंबी बन सकें और देश के विकास में योगदान दे सकें। नव्या और उनकी मित्र हर सप्ताह मोदीनगर आकर इन बालिकाओं को व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण देंगी। इसका लक्ष्य उन्हें सिलाई से जुड़े आवश्यक कौशल आत्मविश्वास के साथ सीखने और निखारने में मदद करना है। इस पहल पर नव्या ने कहा, यह केंद्र उन युवा बालिकाओं के लिए एक ऐसा स्थान बनेगा जहाँ वे आत्मविश्वास, कौशल और अपने भविष्य को संवारने का अवसर प्राप्त करें।

### साइबर ठगी पर त्वरित एक्शन

**लोहियानगर हेल्पडेस्क ने दिलाए ठगी के रुपये, पीड़िता को बड़ी राहत**

मेरठ, पुलिस की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने साइबर ठगी का शिकार हुई एक महिला को बड़ी राहत दी है। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता के 22,450 रुपये वापस दिलाए, जो उसने गलती से एक गलत खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। जानकारी के अनुसार, यह घटना 28 सितंबर 2025 को हुई थी। पीड़िता ने फोन पे के माध्यम से 22,450 रुपये ट्रांसफर करते समय गलती से विपक्षी के खाते में भेज दिए थे। अपनी गलती का एहसास होने पर पीड़िता ने तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई।

### यातायात नियमों को लेकर प्रशासन ने वाहनों का किया चालान

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन पर मुख्य मार्ग में फैली अराजकता बिना हेलमेट तथा अधिभार वाहनों की रोकथाम हेतु चांदपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने पुलिस प्रशासन को लेकर थाना क्षेत्र के अमौली चौराहे समेत अन्य स्थानों पर चेकिंग अभियान प्रारंभ किया चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत प्रशासन ने लगभग दो दर्जन वाहनों का चालान काटा वहीं दर्जनों लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए इस मौके पर चांदपुर थाना प्रभारी के साथ अपने शिक्षक धीरेंद्र कुमार पाण्डेय तथा अन्य आरक्षी मौजूद रहे

# बुंदेलखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 समपन्न

## 25 फिल्मों की स्क्रीनिंग कई कलाकार हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। गवर्नमेंट म्यूजियम, राजकीय संग्रहालय में एस के इवेंट कंपनी एंड फिल्म प्रोडक्शन हाउस एवं एस के अकैडमी ऑफ आर्ट सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद फिल्म इंडस्ट्री के दिवंगत कलाकारों गोवर्धन असरानी, पंकज धीर, सतीश शाह, सुलक्षणा पंडित और शेफाली जरीवाला को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। फेस्टिवल में देशभर से पहुंचे फिल्म मेकर्स और कलाकारों की लगभग 25 फिल्मों, डॉक्यूमेंट्री, एल्बम सॉन्ग और एड फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। संस्कृत भाषा को बढ़ावा देती फिल्म मुद्राराक्षस से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सभी प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित किया गया। फेस्टिवल के तहत आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता में सीनियर मिस इंडिया 2025 का खिताब मिस गजाला खान ने जीता। फर्स्ट रनरअप रागिनी यादव, सेकंड रनरअप रेनू यादव, जबकि क्वीन ऑफ सीनियर मिस इंडिया का ताज छतरपुर की प्रिया बुंदेली को पहनाया गया। साथ ही बेस्ट क्रिएटर अवार्ड 2025 टीकमगढ़ की मिसेज संध्या तिवारी ने जीता, जिन्हें ट्रॉफी के साथ इक्कीस हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। फेस्टिवल में एसके फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले नए एल्बम सॉन्ग दुनिया की धाएं धाएं धाएं का भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक्टिंग से जुड़े विभिन्न विषयों पर वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें कलाकारों ने महत्वपूर्ण प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम में 150 से अधिक फिल्म और मीडिया जगत की हस्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें जितेंद्र विद्यासागर द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, स्व. राज दुबे, देवदत्त बुधौलिया, शकील खान, नीतीश सिंघल, आरिफ शहडोली, सौरभ शर्मा, नवीन चंद्र शुक्ला, कबीर खान, आनंद कुमार सक्सेना, अजय कुमार निगम, और अनुपम सक्सेना को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य और राहुल रिछारिया रहे। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी ने कहा यह फेस्टिवल बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे आयोजन न केवल कलाकारों को अवसर देते हैं बल्कि हमारे क्षेत्र में रोजगार, पर्यटन और फिल्म इंडस्ट्री के नए द्वार भी खोलते हैं। मैं आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए हृदय से बधाई देता हूँ। कार्यक्रम का संचालन सुंदर लिखार ने किया और मीडिया प्रभारी की भूमिका शिवम यादव द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम के अंत में आयोजक, एक्टर एवं डायरेक्टर समीर खान ने सभी उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, सिद्धांत गुप्ता, राकेश अहिरवार, राजू सेन, मनोज रेजा आदि उपस्थित रहे।

# कुड़री घाट पर बेतवा नदी में प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन जारी

## बालू माफियाओं द्वारा एनजीटी के नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। खनन माफियाओं द्वारा बेतवा नदी में अवैध खनन का खेल लगातार तेज होता जा रहा है। गरौठा तहसील क्षेत्र के कुडरी घाट पर खनन माफियाओं ने प्रशासनिक डर को दरकिनार करते हुए नदी की धारा मोड़ दी है और भारी-भरकम पोकलैंड मशीनों के साथ प्रतिबंधित पनडुब्बियों का इस्तेमाल कर बालू का दोहन कर रहे हैं। यह सब कुछ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए किया जा रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि खनन पट्टा भले ही नदी क्षेत्र में आवंटित है, लेकिन माफिया खेतों में गहराई तक खुदाई कर जमीन को खोखला कर रहे हैं। प्रशासन की नाक के नीचे संचालित यह अवैध गतिविधि न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि आस-पास की कृषि भूमि और जलस्तर के लिए भी गंभीर खतरा बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि खनन कार्य रोकने के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन न तो अधिकारियों द्वारा मौके पर कोई बड़ी कार्रवाई की गई और न ही अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए गए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि खनन माफियाओं पर तुरंत सख्त कार्रवाई करते हुए इस अवैध दोहन पर लगाम लगाई जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# चोरों ने घर में घुसकर दो दर्जन भेड़ बकरियों पर किया हाथ साफ

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। कोतवाली गरौठा क्षेत्र के ग्राम गोहना में बीती रात चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने पुलिस की चौकसी को धता बताते हुए एक पशुपालक की लगभग दो दर्जन भेड़-बकरियां चोरी कर लीं। वारदात थाना क्षेत्र से कुछ ही दूरी पर होने के बावजूद पुलिस को भनक तक नहीं लगी, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पीड़ित पशुपालक भगवानदास ने बताया कि रात तक सब कुछ सामान्य था। सुबह उठकर देखा तो पशुबाड़ा पूरी तरह खाली पड़ा था। बाड़े में से उसके 15 नग भेड़ के तथा 8 नग बकरियों के गायब थे। पशुओं के गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, परंतु पुलिस गश्त सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गई है। पीड़ित पशुपालक सहित स्थानीय लोगों पुलिस से तत्काल कार्रवाई करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर चोरी हुआ पशुधन बरामद कराए जाने की मांग की है। वही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# प्रशासन ने छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब की बरामद

## बिंदकी पुलिस व आबकारी टीम ने लहन किया नष्ट

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। पुलिस तथा आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कार्रवाई कर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 50 किलोग्राम लहन बरामद किया। लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई की है । जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कंचनपुर गांव में पुलिस तथा आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की छापेमारी के दौरान एक आरोपी सनी कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री चंद्र कंजर निवासी कंचनपुर कोतवाली बिंदकी मौके से फरार हो गया जिसके घर से एक प्लास्टिक के डिब्बे में 15 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 50 किलो लहन बरामद किया गया बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कानूनी कार्रवाई की गई छापेमारी की कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक वृंदावन राय उप निरीक्षक बृजेंद्र कुमार सिपाही त्रिवेंद्र कुमार तथा सिपाही अफजल के अलावा आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार प्रधान आबकारी सिपाही सूर्यभान आबकारी सिपाही समरजीत यादव आबकारी सिपाही संजय प्रकाश मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत कुंवरपुर रोड फिरोजपुर मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक विमल उम्र 35 वर्ष पुत्र विश्राम निवासी ग्राम घरही खेड़ा कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर गंभीरघायल हो गया। जिसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया बताया जाता है कि युवक विमल बिंदकी कस्बा बाजार करने आया था और बाजार कर वापस अपने गांव जा रहा था तभी रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया लोगों ने रोड किनारे उसे रोड किनारे पड़ा हुआ देखा तो पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचित किया एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया मामले की जानकारी परिजनों को भी दी गई

# दुर्घटना में घायल महिला की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी नगर के समीप एक दुर्घटना में घायल महिला प्रियंका देवी वाजपेई उम्र 43 वर्ष पत्नी विनय कुमार वाजपेई निवासी मोहल्ला छोटी बाजार बांदा जनपद बांदा को इलाज के लिए कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला अपने घर के बाहर खड़ी थी तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसके चलते महिला गंभीर घायल हो गई जिसको इलाज के लिए कानपुर ले जाया जा रहा था लेकिन परिजनों ने उसकी उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया परिजन महिला के शव को लेकर वापस अपने घर चले गए

# अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

## एक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने एक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया मिली जानकारी के अनुसार बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बकेवर कस्बे के समीप जहानाबाद मार्ग में रविवार प्रातः सोमवार की मध्य रात को खड़े डीसीएम में अनियंत्रित हुआ बाइक सवार श्याम बाबू पाल उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र राम किशोर पाल निवासी ग्राम करनपुर गोपालपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर पीछे से जा टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायल श्यामबाबू पाल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस मामले में परिजनों ने बताया कि श्याम बाबू पाल किसी काम से बकेवर कस्बा गया था और वहां से बाइक द्वारा वापस अपने गांव करनपुर गोपालपुर लौट रहा था तभी रास्ते में खड़े डीसीएम गाड़ी में टकराकर घायल हो गया। ठीक इसी प्रकार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत खिदिरपुर तथा भवानीपुर गांव के बीच एक पेट्रोल पंप के निकट ट्रक ने रात में पैदल जा रहे 42 वर्षीय जीवनलाल पुत्र स्वर्गीय दाता दीन निवासी ग्राम बसंती खेड़ा कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर गंभीर घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि जीवनलाल अपनी पत्नी के साथ रविवार प्रातः सोमवार की मध्य रात को पड़ोसी गांव खिदिरपुर से निमंत्रण कर पैदल वापस अपने गांव बसंती खेड़ा जा रहे थे। तभी रास्ते में ट्रक ने जीवन लाल टक्कर मार दिया। जबकि उनकी पत्नी बाल बाल बच गई।

# कारोबारी से ठगे 2.90 करोड़

## फेसबुक पर महिला ने बिजनेसमैन से दोस्ती की, ट्रेडिंग के नाम पर कराया निवेश

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर 11 में रहने वाले गत्ते के कार्टून बॉक्स बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक को साइबर अपराधियों ने ट्रेडिंग के बहाने उनसे 2 करोड़ 90 लाख रुपए की ठगी कर ली। 25 जून फेसबुक पर एक महिला फेसबुक पर दोस्त बनी। इसके बाद महिला ने बिजनेस मैन का वॉट्सऐप लेकर बातचीत शुरू की। महिला ने ट्रेडिंग में निवेश कर 20 प्रतिशत तक लाभ होने की योजना बताई। साथ ही एक एप डाउनलोड कराया। जिस पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद पीड़ित ने पहली बार 50 हजार रुपए निवेश किया। पीड़ित ने चार महीने में कुल 17 बार में 2.90 करोड़ रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। जो कि ऐप बढ़कर 7.90 करोड़ रुपए मुनाफे की रकम दिखने लगी। उन्होंने रुपए निकालने की कोशिश की तो उनसे टैक्स के रूप में रुपए की मांग की गई। तब उन्हें ठगी के बारे में जानकारी हुई और साइबर थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस रकम ट्रांसफर हुए खातों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को नितिन पांडे ने बताया कि वह सेक्टर 11 में परिवार संग रहते हैं। वह गत्ते के कार्टून बॉक्स बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक हैं। जोकि ग्रेटर नोएडा में चलती है। इसी साल 25 जून को उन्हें फेसबुक के माध्यम से मध्य प्रदेश की रहने वाली सुनैना शर्मा नाम की महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। प्रोफाइल देखने के बाद नितिन ने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली। दोनों की फेसबुक के मैसेंजर पर बातचीत शुरू हुई और कुछ दिनों के बाद वॉट्सऐप पर जुड़ गए। पीड़ित के अनुसार शुरूआती दौर में उसने सामान्य बातें की। धीरे-धीरे दोनों की गहरी दोस्ती हो गई और दोनों एक दूसरे पर विश्वास करने लगे। पीड़ित के अनुसार इसी बीच उस महिला ने कहा कि वह बिजनेस के साथ शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करें तो मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। महिला ने अपना वॉलेट भी दिखाया। जिसमें हर सेशन में लगभग 15-20 प्रतिशत का हाई रिटर्न और प्रॉफिट दिख रहा था। पीड़ित उसके अनुरोध पर और रिटर्न से प्रभावित होकर फाइनलटो पर एक अकाउंट बनाकर ट्रेडिंग शुरू कर दी।

# तीन दुकानों में चोरी

**ताला तोड़कर घुसे बदमाश, बैटरी, इन्वर्टर और रुपए लेकर भागे**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , जेवर कस्बे में झाझर रोड पर दुकानों में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने दुकानों के शटर तोड़कर लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। सुबह दुकानदारों के पहुंचने पर घटना का पता चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। दुकानदारों के मुताबिक, चोर शटर तोड़कर अंदर घुसे और बैटरी, इन्वर्टर, जनरेटर समेत लाखों रुपये का कीमती सामान लेकर फरार हो गए। योगेश नामक दुकानदार की दुकान से सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जहां से महंगा इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी हुआ है। अन्य दो दुकानों से भी बड़ी मात्रा में माल गायब मिला है।चोरी की यह वारदात दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में दो से तीन चोर चोरी करते और सड़क पर आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। चोरों ने अपने चेहरे ढके हुए थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। जेवर कोतवाली पुलिस ने दुकानदारों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# डॉक्टर की बड़ी लापरवाही

**दाहिने की जगह बाएं जबड़े का किया ऑपरेशन, परिजनों का हंगामा; सीएमओ ने जांच बैठाई**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, गढ़रोड स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल में गंभीर चिकित्सा लापरवाही का मामला सामने आया है। किठौर थाना क्षेत्र के हसनपुर कला निवासी हिमांशु के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने उसके दाहिने जबड़े की जगह बाएं जबड़े का ऑपरेशन कर दिया। मामला सामने आते ही अस्पताल में भारी हंगामा हुआ और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार, हिमांशु करीब 20 दिन पहले एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। 4 नवंबर को आयुष्मान हॉस्पिटल में डॉ. अवि बंसल ने उसके जबड़े का ऑपरेशन किया था और तीन दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई थी। परिजनों ने बताया कि घर पहुंचने के बाद हिमांशु की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी। जब उसे दोबारा अस्पताल लाया गया और पट्टी खोली गई, तो परिजन यह देखकर दंग रह गए कि जिस दाहिने जबड़े का ऑपरेशन होना था, उसके बजाय बाएं जबड़े पर ऑपरेशन किया गया था। इसी बात पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान छात्र नेता विनीत चपराना भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की शिकायत सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया से की। सीएमओ ने कहा कि मामला अत्यंत गंभीर है और इस पर तत्काल जांच समिति गठित कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पीड़ित परिजनों ने हॉस्पिटल संचालक और ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के खिलाफ मेडिकल थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गांधी गांव में नाली निर्माण पर विवाद

- ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने के लिए की शिकायत, जिलाधिकारी ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

बागपत, गांधी गांव में नाली निर्माण को लेकर अतिक्रमण का विवाद सामने आया है। गांव की आधी आबादी, जिसमें हरिजन बस्ती और पिछड़ा वर्ग के लोग शामिल हैं, लंबे समय से पानी निकासी की गंभीर समस्या से जूझ रही है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य मार्ग पर 2.5 फुट चौड़ी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को सौंपे शिकायत पत्र में बताया कि वर्षा और दैनिक उपयोग का पानी सुचारु रूप से निकालने के लिए यह नाली आवश्यक है। हालांकि, प्रदीप पुत्र दीपचंद और कैलाश पुत्र रामेश्वर पर रास्ते पर वर्षों से अतिक्रमण करने का आरोप है, जिसके कारण पानी निकासी बाधित हो रही है। शिकायत के अनुसार, लगभग 25 वर्ष पहले ग्राम पंचायत द्वारा 13 फुट चौड़ा खड़ंजा रास्ता बनाया गया था। उस समय रास्ते के दोनों ओर अतिरिक्त जगह छोड़ी गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि समय के साथ इन स्थानों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे मार्ग संकरा हो गया है और नाली निर्माण में बाधा आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली निर्माण शुरू होते ही कथित अतिक्रमणकारियों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है, जिससे विकास कार्य ठप पड़ने की स्थिति बन गई है। पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर माप-जोख कर वास्तविक सीमा निर्धारित की जाए और अवैध कब्जे को हटाकर नाली निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। जिन लोगों पर आरोप लगे हैं, उन्होंने इन आरोपों को निराधार बताया है।



शिकायती पत्र में सभी पीड़ितों के हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर भी संलग्न किए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पानी निकासी की समस्या गंभीर होती जा रही है और इसका समय रहते समाधान आवश्यक है। जिलाधिकारी अस्मित लाल ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## फांसी लगाकर खेतिहर ने मजदूर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में खेतिहर मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या की खबर सुनते ही परिजनों में हड़कंप मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र सके बम्हरौली मजरा डिहा डेरा निवासी राजेश 25 वर्ष पुत्र राम प्रसाद ने अपने घर में रस्सी से घर के छप्पर में बांधकर गले में फंदा लगाकर झूल गया युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई परिजनों ने यह आलम देख गुहार मारने लगे और पुलिस को सूचना दी मृतक तीन भाइयों में तीसरे नंबर का अविवाहित खेतिहर मजदूर था मृतक के नाम दो बीघा जमीन भी है यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर कार्यक्रम में आई तेजी कस्बे में जमा हुए 17 फीसदी फॉर्म

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम मे अब तेजी आने लगी है। मतदाता फॉर्म तैयार करके बीएलओ के पास जमा करने के लिए पहुंचने लगे हैं। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में तेजी आने लगी है। घर-घर मतदाता फॉर्म पहुंचने के बाद मतदाता फॉर्म तैयार करके बीएलओ के पास जमा करने लगे हैं। कस्बे के कम्पोजिट विद्यालय में सोमवार को बीएलओ के पास फार्म जमा करने के लिए लोगों की आवाजाही का क्रम जारी था। बीएलओ सुशील कुमार ने बताया कि वह भाग संख्या 157 के बीएलओ है। उनके पास 1313 मतदाता हैं। जिनमें अभी तक महज 225 मतदाताओं ने फॉर्म तैयार करके जमा कराए हैं। यह कुल 17 प्रतिशत है। अभी 83 प्रतिशत मतदाता फॉर्म जमा होना बाकी है। कस्बे में औसतन यही हाल अन्य बीएलओ का है। उनके पास भी 15 से लेकर 17 फीसदी मतदाता फॉर्म जमा हो सके हैं।

## 70 वर्ष से अधिक आयु के नगिरिको का आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत राजिशटेशन कराया जाना है

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है, जिसके दृष्टिगत योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थी परिवारों के समस्त सदस्यों को आयुष्मान कार्ड निर्गत किये जाने है, परन्तु पात्र लाभार्थी परिवारों में कुछ ऐसे परिवार भी है, जिनमें किसी एक ही सदस्य का कार्ड बना हुआ है या कई सदस्यों को आयुष्मान कार्ड निर्गत नहीं हुये है। जनपद में अभी भी लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाया जाना शेष है। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष के अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड से शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है जनपद के समस्त चिकित्सा इकाई / आयुष्मान अरोग्य मंदिरों/पंचायत भवनों में समय से पहुंचकर आरोग्य मित्र, आशा, आंगनवाडी, कोटेदार, पंचायत सहायक के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनवाये और उसका लाभ लें।

# गायत्री शक्तिपीठ में ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ज्योति कलश रथयात्रा का गायत्री शक्तिपीठ मल्लावा में स्वागत एवं पूजन दीप यज्ञ के साथ किया गया। हरिद्वार से पधारे टोली नायक आदरणीय दधीबल सिंह, सूर्या कुशवाहा, शंभू आचार्य, रामचंद्र सक्सेना ने हरिद्वार में होने जा रहे जन्म शताब्दी समारोह का आमंत्रण देते हुए लोगों को जागरुक किया। दीप यज्ञ का शुभारंभ समाजसेवी विशाल जायसवाल एवं राजेश पटेल ने पूजन अर्चन के साथ विधिविधान पूर्वक कराया। टोली नायक दधीबल सिंह ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार एवं गायत्री तपोभूमि के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने सन 1926 में अखंड दीप प्रज्वलित कर अपनी साधना आरंभ की जिसके प्रताप से देशभर में 4000 से ज्यादा गायत्री शक्ति पीठ एवं 110 देशों में गायत्री परिवार के परिजन निरंतर आध्यात्मिक अलख जगा रहे हैं। और कई अभियानों के माध्यम से जनमानस में अच्छे संस्कार पैदा कर मानव को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला प्रदान कर रहे हैं। अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने तथा वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सन 2026 में जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है जिसमें 20 से 23 जनवरी 2026 को हरिद्वार गंगा की तलहटी क्षेत्र आयोजित हो रहे जन्म शताब्दी समारोह में गायत्री परिवार के कार्यकताओं एवं साधको को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव की 100 वर्षों की तब साधना अखंड ज्योति के प्रकाश को अब प्रचंड बनाना है। अभी तक जो भी परिवार गायत्री साधना से वंचित रह गए हैं उनके घरों में देव स्थापना कराकर गायत्री मंत्र की साधना से जोड़ना है और गुरुदेव के सत्य साहित्य एवं अखंड ज्योति पत्रिका के माध्यम से ज्ञान के प्रकाश को जन जन तक फैलाना है। इसी क्रम में मल्लावा के कई स्थानों में ज्योति कलश रथ यात्रा का भ्रमण किया गया जिसमे भक्तों द्वारा जगह जगह पूजन अर्चन किया गया। ज्योति कलश यात्रा का सर्वप्रथम राघोपुर चौराहे पर मास्टर जगदीश राठौर के साथ काफी संख्या में स्वागत किया । ग्राम कलेनापुर में समाजसेवी अंशु दूधडेरी के संचालक कप्तान द्वारा कई ग्रामीणों के साथ रथ यात्रा का पूजन व स्वागत किया गया। ग्राम तेंदुआ में राम जानकी मंदिर पर ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह एवं राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत शिक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह ने सैकड़ो ग्रामीणों के साथ पूजन कर प्रसाद वितरण किया। आदर्श ग्राम पंचायत बांसा में मुकुंद दास राधा कृष्ण मंदिर पर प्रधान संपूणानंद ने सैकड़ो की संख्या में भक्तगणों के साथ विधि विधान पूर्वक कलश का पूजन अर्चन करते हुए प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर प्रधान ने गांव में गायत्री परिवार की पत्रिका अखंड ज्योति अधिक से अधिक पहुंचने का संकल्प लिया। शाम को ग्राम पंचायत मझगांव में ग्राम प्रधान अरविंद कुमार द्वारा विशाल दीप यज्ञ एवं प्रवचन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने पूजन के साथ प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाया। ज्योति कलश यात्रा को सफल बनाने में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता गंगाराम गौर, केशव कुमार, डॉ जागेश्वर सरोज, सुनील शुक्ला, विपिन सोनी, राकेश शर्मा, अरविंद प्रधान, अजय सोनी, महेंद्र श्रीवास्तव, परमेश्वर दी, रामकुमार कश्यप, ज्ञान प्रकाश सोनी, विवेक पटेल, ओम प्रकाश, जयप्रकाश, जगदीश राठौर, परिब्राजक राजकुमार कुशवाहा एवं महिला मंडल से श्रीमती मीरा देवी, नीलम गुप्ता, ममता श्रीवास्तव, सरोजनी देवी, अनुष्का शुक्ला सहित कई कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विपिन सोनी ने शांतिकुंज की टोली एवं आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दहेज में अल्टो कार न मिलने पर तीन तलाक देकर घर से निकला

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। ससुरालीजनो द्वारा दहेज में अतिरिक्त मांग को लेकर अल्टो कार की मांग करना, न दे पाने के कारण ससुरालियों ने पत्नी को मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। ग्राम विराइचमऊ निवासी श्रीमती निशा बानो ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मेरी शादी माह दिसंबर 2024 में ग्राम सवेडा थाना सांडी निवासी रियाजुद्दीन के साथ हुई थी । शादी के बाद से ही ससुरालीजनों अल्टो कार की मांग करने लगे, न देने पर पति रियाजुद्दीन, ससुर जियाउद्दीन, नंद नूरी, रूबी, मनतशा परेशान करने लगी। 6 अक्टूबर को शाम 5 बजे सभी लोगों ने मारा पीटा जेवर ले लिया। पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर तीन तलाक का मुकदमा दर्ज किया है।

## राम जन्म भूमि कार्यक्रम में शामिल होने गए 52 श्रद्धालुओं का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने केशव कुंज में स्वागत कर रवाना किया



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। रानी लक्ष्मी बाई चौराहा स्थित संघ कार्यालय केशव कुंज में अयोध्या राम जन्मभूमि कार्यक्रम में जिले भर से जा रहे श्रद्धालुओं का स्वागत कर उनको अयोध्या के लिए रवाना किया गया सभी श्रद्धालुओं को माथे पर तिलक और माला पहनाकर मुंह मीठा करा कर बस में बैठा कर रवाना किया गया सभी श्रद्धालु अयोध्या में हो रहे ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर उन सभी होने वाले कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे श्रद्धालुओं का स्वागत करने में सरस्वती शरण द्विवेदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक नगर प्रचारक विवेक जी सहित तमाम राम भक्त व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## दोस्त की शादी से लौट रहे युवक को डंपर ने कुचला, मौत

### बाइक को 100 मीटर तक घसीटता ले गया डंपर

अमन लेखनी समाचार



भरूआ, सुमेरपुर। दोस्त की शादी में शामिल होकर तड़के घर लौट रहे बाइक सवार युवक को खूनी हाईवे में तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार कर कुचल दिया। इस घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटता ले गया, जिससे बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। वहीं हेलमेट कुछ दूर पड़ा था।

महोबा जनपद के कबरई कस्बे के बांदा चौराहा निवासी देवीदयाल धुरिया (26) पुत्र सियाराम धुरिया रविवार को अपने दोस्त की शादी में शामिल होने हमीरपुर आया था। सुबह यह बाइक से वापस कबरई महोबा लौट रहा था। खूनी हाईवे 34 में नरायनपुर गांव के नजरपुर मोड के पास करीब 5:30 बजे पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मारकर उसको कुचलता हुआ निकल गया। इससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। डंपर उसकी बाइक को 100 मीटर तक घसीटता ले गया। जिससे वह बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पास से मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना देकर बुलाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक की 24 अप्रैल 2024 को शादी हुई थी। इस घटना से पत्नी अंजलि सहित मां पिता आदि का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# एस.एस. राय का बहुआयामी व्यक्तित्व था -डॉ अर्जुन दास केसरी

### - अर्थशास्त्री, आर.एस.एम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एस एस रॉय की मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शिवि सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रख्यात शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवधारी शरण राय की जयंती उनके निज आवास निराला नगर में हर्ष उल्लास के साथ शुक्रवार की देर शाम को मनाया गया। वहीं ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान एवं संगोष्ठी समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात लोक साहित्यकार, लोकवार्ता शोध पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ अर्जुन दास केसरी ने कहा कि एस०एस० राय का बहुआयामी व्यक्तित्व के शिक्षक, खिलाड़ी, कलाकार, पर्यटक, शिक्षक नेता, सनातन धर्म के पोषक, विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आंदोलनो से जुड़े हुए थे। अपने जीवन का आरंभ एक शिक्षक के रूप मे किया था। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघसंचालन शिव शंकर गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के पूर्व विज्ञान प्रवक्ता भइया लाल सिंह, साहित्यकार पारसराम मिश्रा एस०एस० राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। अतिथियों को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छा, पौधा भेंट कर राय परिवार के सदस्यों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी ने किया। संगोष्ठी में अविनाश शरण, आशुतोष शरण, सुधीर शरण, ज्ञानेंद्र शरण, जया राय, डॉ आनंद शरण राय, डॉ गोविंद सिंह, एडवोकेट जेपी सिंह, विनोद चौबे, राजेश बंसल, शिव सांवरिया, अब्दुल हई, मुन्ना भाई, फारूक अहमद, डॉ एस एन सिंह, आनंद बहादुर सिंह, हर्षवर्धन, उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुनी समस्या



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिये जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## प्रेमी जोड़े को पकड़ कर प्रेमी के साथ की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। रविवार की सुबह एक नगर के एक मोहल्ले में कार की आड़ में प्रेमालाप करते प्रेमी जोड़े को पकड़ प्रेमी के साथ की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जो नगर में समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अपने को अनजान बताया है अवगत हो कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया में तरह-तरह के वीडियो वायरल हो रहे हैं। रविवार की सुबह नगर के मथुरा मंदिर के समीप एक गली में खड़ी कार की आड़ में एक युवा प्रेमी जोड़ा प्रेमालाप करने में व्यस्त था तभी मोहल्ले के घरों की छतों में खड़े कुछ लोगों ने इसका वीडियो बना उक्त प्रेमी जोड़े को पकड़ लिया उसके बाद प्रेमी की जमकर पिटाई करने के बाद प्रेमिका को भी हड़काया। लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया जो नगर समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है

## सीओ की बैठकों और चेतावनियों का कोई असर नहीं

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। तत्कालीन सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा ने कई बार मांझा विक्रेताओं को कोतवाली बुलाकर कड़ी चेतावनी दी, दुकानों का निरीक्षण किया, लेकिन हालात जस के तस बनी रही जिसके कारण आजफिर एक किशोर पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर में भर्ती है लिए जहाँ उसके पिता सहित शुभचिंतक चिंताग्रस्त हैं। पुलिस अधिकतर मामलों में सिर्फ खानापूरी करती है। कभी न किसी बड़े अभियुक्त पर कठोर धाराएं लगाती है, और न बिक्री बंद करा पाती है, पहले यहाँ रहे सीओ उपरोक्त ने कुछ प्रयास तो किया था किन्तु मौजूदा सीओ आलोक राज नारायण ने तो अभी तक प्रतिबंधित मांझा बिक्रेताओं की न बैठक की और चेतावनी देने की कोई जानकारी अभी तक मिली है। इस सम्बन्ध में सीओ ने पत्रकारों ने कई कॉल कीं किन्तु रिसीव नहीं हुईं।

### वकीलों, व्यापारियों सहितसामाजिक संगठनों का आक्रोश बढ़ा

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। लगातार बढ़ रहे हादसों के बीच बार के वकीलों और व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को पहले ही ज्ञापन भेजा था किन्तु इस घटना से सभी में आक्रोश है। और सभी ने चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध और कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस -प्रशासन और मुख्यमंत्री से की है। लोगों ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री की नजर शाहाबाद की तरफ नहीं घूमेगी और उनके स्तर से शख्ती नहीं होगी, तब तक पुलिस ऐसे ही खानापूर्ति करती रहेगी।

## निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है किशोर

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। शाहजहाँपुर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किशोर पुलिस-प्रशासन की लापरवाही पर बड़ा सवाल बना है। लोगों का कहना है कि इस चाइनीज मांझा से नगर के वकील, पत्रकार, पुलिस कर्मी, यहाँ तक कि एक महिला पुलिस कर्मी भी पहले घायल हो चुकी है। कमसेकम दो बार बार एसोसिएशन शाहाबाद में इस चाइनीज मांझा की बिक्री को लेकर उबाल इसलिए आ चुका है क्योंकि बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामजी तिवारी और पूर्व महामंत्री वसंत गुप्ता एवं अन्य कई अधिवक्ता घायल हुए थे, फिर भी पुलिस-प्रशासन मात्र खानापूर्ति करता रहा। उस दौरान स्थानीय पुलिस द्वारा अन्य गलत धंधों की तरह ही इस मांझा कारोबारियों से भी अवैध वसूली की चर्चा आम हुई थी किन्तु मौजूदा वक्त में इस चर्चा की पुष्टि नहीं है। इस मामले में हरदोई पुलिस ने एक्स पर बताया कि संदर्भित प्रकरण में थाना प्रभारी शाहाबाद को जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

# श्री राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न

### जनपद के सर्वसमाज के 75 नागरिकों को प्रवेशिका देकर बसों द्वारा प्रस्थान कराया गया

अमन लेखनी समाचार




हरदोई। नगर के स्वस्तिका डायग्नोस्टिक सेंटर, सर्कुलर रोड पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ता, समाज के गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विहिप श्री आशीष माहेश्वरी ने बताया कि कल दिनांक 25-नवम्बर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजारोहण किया जाएगा यह केवल औपचारिक, धार्मिक या राष्ट्रीय अनुष्ठान नहीं बल्कि इसके साथ गहरा आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक महत्व निहित है धर्म ध्वजा समस्त हिन्दू समाज के स्वाभिमान एवम आंतरिक जाग्रति का प्रतीक है भारत विकास परिषद के संरक्षक डा.सुरेश अग्निहोत्री द्वारा बताया गया कि शिखर पर ध्वजा फहराने का अर्थ स्वयं का गौरव, साहस, सत्य जाग्रत करना है यह हमारी दिव्य चेतना का प्रतीक है कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री अजीत सिंह बब्बन, राममंदिर आंदोलन के सूत्रधार तात्कालिक जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद श्री सोमेन्द्र अग्रवाल जी, नगर मजिस्ट्रेट श्री सुनील त्रिवेदी जी, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला मंत्री श्री राजवर्धन श्रीवास्तव श्याम जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक श्री अनिल जी, हरिओम जी ने अयोध्या जारहे नागरिकों को पटका पहना सम्मानित किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद जिला ऐवम नगर कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे

# पुलिस प्रशासन की प्रभावहीन चेतावनियों के फलित फिर कटी युवक की गर्दन

### शाहाबाद में चाइनीज मांझा फिर बना मौत का फंदा

### किशोर की गर्दन कटी, नाजुक हालत में शाहजहांपुर अस्पताल में भर्ती

### प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक्री ... प्रशासन की जांच-पड़ताल के दावे बेअसर

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। कस्बे में दोपहर बाद 3 बजे चाइनीज मांझे ने एक और जिंदगी को लहूलुहान कर दिया। प्रतिबंधित माँझे से एक किशोर की गर्दन तेज मांझे से बुरी तरह कट गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों ने उसे तत्काल उसके पिता पूर्व सभासद रामचंद्र गुप्ता गुड्डू को सूचना दी, वह तत्काल अपनी कार से मौके पर पहुंचे और अपने बेटे चेतन (उम्र 17 बर्ष) को लेकर आनन फानन शाहजहांपुर अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस दर्दनाक हादसे ने फिर साबित कर दिया है कि पुलिस-प्रशासन के सख्त दावों के बावजूद प्रतिबंधित चाइनीज मांझा कस्बे और गांवों में खुलेआम बिक रहा है। इस नगर में पहले एक जान जा चुकी है और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, जागरूक लोगों ने पहले प्रशासन को ज्ञापन भी दिया, फिर भी नहीं थमी बिक्री जबकि पुलिस-प्रशासन हर घटना के बाद शख्ती का दावा कर केवल अपना राग अलापता रहा है। नगर में पतंगबाजी बहुत बढ़ी है, जिसमें लगभग सभी पतंगबाज चाइनीज माँझे से ही पतंग उड़ाने के आदी हैं, । इसी मांझे से गत बर्ष हाइवे पर एलआईसी कार्यालय के पास शाहजहांपुर निवासी श्रवण कुमार (45) की गर्दन कटने से दर्दनाक मौत हो गई थी। उनकी बेटी बदहवासी में पिता से चिपटी हुई रोती रह गई थी। कस्बे में अब तक दर्जनों लोग, कई महिलाएं, अधिवक्ता, व्यापारी, पुलिसकर्मी और एक महिला सिपाही भी घायल हो चुके हैं।

# बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद अयोध्या रवाना

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज। अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले ऐतिहासिक दिवस पर श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के कार्यकर्ता बस से रवाना हुए। कार्यकताओं का स्वागत रामनामी पटका पहनाकर किया गया। सोमवार की सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ता राकेश सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप, राधेश्याम, राम जी, भगवानदास, संदीप कुमार, आदि का स्वागत जिला मंत्री अजय, जिला सहसंयोजक महेन्द्र सिंह, जिला प्रचार प्रमुख मनीष तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रखंड मंत्री प्रभाष कुशवाह, श्यामू प्रजापति, आदि ने अयोध्या जा रहे सभी कार्यकर्ताओ को राम नामी पटका पहनाकर स्वागत किया

## बड़ा सवाल-आखिर कौन रोकेगा चाइनीज मांझे की खुली बिक्री?

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। चाइनीज मांझे से हो चुकी एक मौत और दर्जनों घटनाएँ होने से घायलों की बढ़ती संख्या के बावजूद न कहीं किसी पतंगबाज पर और न किसी मांझा बिक्रेता पर पुलिस की कार्रवाई दिख रही है, और न कहीं प्रशासन की सख्ती दिखाई दे रही है जबकि एक बार फिर गंभीर रूप से घायल हुआ किशोर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है- लेकिन मांझा माफियाओं के हौसले जस के तस बुलंद हैं। जिसको लेकर नागरिकों के दिल दिमाग में पुलिस व प्रशासन की कार्यवाही को लेकर अंतरद्वन्द है।

# तहसील के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने पुत्री की शादी के नौ दिन पूर्व की आत्महत्या

### अचानक हुई घटना से मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के बस स्टाप निवासी तहसील के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने मानसिक तनाव के चलते सुबह घर के कमरे के अंदर छत के कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। उपचार को ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक की बेटी की आगामी 3 दिसंबर को शादी है। कस्बे के बस स्टाप के निवासी रामशरण सोनकर 56 वर्ष तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मी थे। उनकी पुत्री काजल की शादी आगामी 3 दिसंबर को है। बारात बांदा शहर से आनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों से साथ जारी थी। इनकी पत्नी कमलादेवी मायके शादी में शामिल होने के लिए रविवार को कानपुर गई थी। घर पर बेटी काजल ही मौजूद थी। सुबह इन्होंने पुत्री से कहा कि खाना बनाओ तहसील जाना है। पुत्री के खाना बनाने में मशगूल हो जाने पर इन्होंने कमरे के छत पर लगे कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। खाना तैयार होने के बाद जब पुत्री पिता को बुलाने कमरे में पहुंची तो नजारा देखकर दंग रह गई। पुत्री के शोर मचाने पर बगल में रहने वाले बड़े भाई आदि लोग भाग कर पहुंचे और कुंडे से उतारकर सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया अचानक हुई इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

लाइफ Style

# साई



## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।




# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर' जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

टीवी मसाला



# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।



# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास 'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्मों में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।



# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



## रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स


*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका



फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।

### आर माधवन- वनराज




फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद



साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।

### संजय दत्त- कांचा



साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।

### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।

